रजिस्ट्री सं. डी एल—33001/97 REGISTERED NO. DL—33001/97

CENTRAL SECRETARIAT LIBRARY
GOVT. OF INDIA

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 11] नई दिल्ली, शनिवार, मार्च 15, 1997 (फाल्गुन 24, 1918)
No. 11] NEW DELHI, SATURDAY, MARCH 15, 1997 (PHALGUNA 24, 1918)

(इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके)
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	255
भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं . . .	271
भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं . . .	3
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	427
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	
भाग II—खण्ड 1-क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ . .	
भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट . . .	
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिसमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	
भाग II—खण्ड 3—उप खण्ड (ii) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	
भाग II—खण्ड 3—उप खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं) .	*
भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश . . .	*
भाग III—खण्ड 1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं .	181
भाग III—खण्ड 2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से संबंधित अधिसूचनाएं और नोटिस . . .	563
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं .	—
भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं। .	607
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस .	39
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला अनुपूरक	

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए।

CONTENTS

	Page
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court . .	255
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	271
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence . . .	3
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	427
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative texts in Hindi language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills . . .	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) .	
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, Published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories) .	
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence .	
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India .	181
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	563
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	607
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies	39
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	

*Figs. not received

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 जनवरी 1997

सं. 12-प्रेज/97—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को उनके वीरतापूर्ण कार्यों के लिए ''शौर्य चक्र'' प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. श्री मक्खन सिंह, पंजाब (मरणोपरांत)
(पुरस्कार की प्रभावी तारीख 21-9-1992)

21 सितम्बर, 1992 को सुबह लगभग 8-30 बजे गांव सराय, जिला अमृतसर के सरपंच श्री मक्खन सिंह और उनका भतीजा श्री गुरनाम सिंह मोटर साइकिल पर अपने गांव से खलियां जा रहे थे। जब वे जिला अमृतसर में धूलका निवासी स्वर्ण सिंह के खेतों के नजदीक पहुंचे तो दो आतंकवादियों, बलकार सिंह और निशान सिंह, जो खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के तथाकथित एरिया कमांडर थे ने उनकी मोटर साइकिल को रोका और श्री मक्खन सिंह से हाथापाई करने लगे। श्री मक्खन सिंह ने आतंकवादी निशान सिंह से ए. के. 47 असाल्ट राइफल छीनकर उसे वहीं ढेर कर दिया। दूसरे आतंकवादी बलकार सिंह के पास भी ए. के.-47 असाल्ट राइफल थी, उसने गोली चलानी शुरू कर दी। आतंकवादी द्वारा गोली चलाए जाने और मुठभेड़ हो जाने के परिणामस्वरूप, श्री मक्खन सिंह मारे गए जब कि उनके भतीजे ने जमीन पर लेटकर अपनी जान बचा ली। मृत आतंकवादी से एक ए. के. 47 असाल्ट राइफल और असाल्ट राइफल की एक अतिरिक्त मैगजीन तथा बम और कुछ अप्रयुक्त कारतूसों का एक थैला मिला।

इस प्रकार, श्री मक्खन सिंह ने अपनी मौत को सामने आया देखकर भी अनुकरणीय साहस का परिचय दिया और अपने जीवन का बलिदान करने से पहले एक आतंकवादी को मार गिराया।

2. श्री प्रीतम सिंह गबेल, मध्य प्रदेश
(पुरस्कार की प्रभावी तारीख 02-6-1994)

02 जून, 1994 को रात लगभग 8.30 बजे रिवाल्वरों तथा देशी बमों से लैस छह कुख्यात अपराधी मध्य प्रदेश के जिला बिलासपुर के देवरी गांव में लूट के इरादे से श्री ध्यानदास के घर में घुस आए। श्री ध्यानदास का छोटा भाई, श्री प्रीतम सिंह गबेल, जो साथ वाले घर में रहते थे, यह सुनकर एक फरसा ले वहां आए और उन्होंने डाकुओं को चुनौती दी। डाकुओं ने उन पर देशी बम फेंके और गोलियां चलाई। एक गोली उसके बाएं बाजू को चीरते हुए निकल गई। गोली के जख्म के बावजूद, अपनी जान की परवाह किए बिना, श्री गबेल अकेले ही सशस्त्र डाकुओं से लड़ते रहे। कड़ी चुनौती मिलने पर डाकू वापस भागने लगे और ऐसा करते समय उनके हाथ में एक बम फट गया। उनमें से एक गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में उसकी मृत्यु हो गई। श्री गबेल ने बाकी के पांच डाकुओं को घेर लिया और गांव वालों तथा पुलिस की मदद से उन पांचों को पकड़ लिया गया।

गोली से घायल हो जाने के बावजूद श्री प्रीतम सिंह गबेल ने डाकुओं के गिरोह का मुकाबला करने और उन्हें पकड़ने में साहस और शौर्य का परिचय दिया।

3. मेजर बासिल मैसी (आई सी-44245), 5 पैरा
(पुरस्कार की प्रभावी तारीख 12-4-1995)

मेजर बासिल मैसी 5 पैराशूट रेजिमेन्ट के राइफल कम्पनी कमांडर थे जो नागालैण्ड के दीमापुर कस्बे के भूमिगत विद्रोहियों से ग्रस्त क्षेत्र में कार्यरत थे।

13 जनवरी, 1995 को मेजर बासिल मैसी ने दीमापुर कस्बे की ओरिएन्टल कालोनी के एक मकान में योजना बनाकर साहसपूर्वक छापा मारा और एक भूमिगत विद्रोही को पकड़कर उसे काबू में कर लिया। अगले दिन 14 जनवरी, 1995 को इन्होंने 5 पैरा के हॉलिवार्न छापामार दल को हेवटो बटालियन कमांडर के बटालियन हेडक्वार्टर की ओर जाते समय नेतृत्व किया जिसमें दो भूमिगत विद्रोही मारे गए और भारी गोलाबारूद सहित दो हथियार व आसूचना दस्तावेज बरामद किए गए।

12 अप्रैल, 1995 को नैशनल सोसालिस्ट काउंसिल आफ नागालैण्ड (इसाकमुइवाह) के बटालियन कमांडर का मेजर बासिल मैसी ने साहसिक और गैर-पारम्परिक रूप से छापा मारकर सफाया कर दिया। इस छापे के कार्यान्वयन चरण में उक्त भूमिगत विद्रोही जिप्सी वाहन में भाग निकला परन्तु मेजर बासिल मैसी ने दूसरी जिप्सी से उसका पीछा किया। भूमिगत विद्रोही ने मेजर बासिल मैसी पर हथगोले फेंककर इनको वहीं रोके

को घायल कर दिया । यह वीर अफसर अपनी घावों की परवाह न करते हुए उस भूमिगत विद्रोही को मार गिराने में सफल रहे ।

इस प्रकार मेजर बासिल मेसी ने नागा विद्रोहियों का मुकाबला करने में उत्कृष्ट वीरता एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

4. मेजर वीरेन्द्र दतवालिया (आई सी-49087), 25 राष्ट्रीय राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख 20-9-1995)

20 सितम्बर, 1995 को मेजर वीरेन्द्र सिंह दतवालिया, 25 राष्ट्रीय राइफल्स को अपने एक जूनियर कमीशन अफसर और 12 अन्य रैंकों के साथ कुछ राष्ट्र विरोधी तत्वों को खोजने के एक कमांडो मिशन पर नियुक्त किया गया जिनके बारे में जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के जल्डयानी गांव में छिपे होने की सूचना मिली थी । उस इलाके में पहुंचने पर मेजर वीरेन्द्र दतवालिया संदेहास्पद मकान पर पहुंचे और इसकी मिट्टी की छत पर ऊपर चढ़ गए । घर के अंदर छिपे हुए कुछ राष्ट्र विरोधी तत्वों ने घर के अंदर से छत की ओर फायरिंग कर दी तथा गोलियां उनके बहुत करीब से निकल गई ।

एक राष्ट्र विरोधी तत्व को हथगोले के साथ बाहर की ओर भागता देखकर मेजर वीरेन्द्र दतवालिया फायरिंग करते हुए छत से नीचे कूदे और उसी जगह पर इन्होंने उस आतंकवादी को मार गिराया । 30 मीटर दूरी पर स्थित एक अन्य घर से इस अफसर और इनके दल पर आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी । मेजर वीरेन्द्र दतवालिया ने अपने छोटे से दल के साथ तुरन्त दोनों घरों की घेराबंदी की और दल के शेष साथियों के पहुंचने तक राष्ट्र विरोधी तत्वों को उलझाए रखा । तत्पश्चात् राकेट लांचरों से उस घर को निष्क्रिय करने पर तीन आतंकवादी सैन्य दल पर भारी गोलीबारी करते हुए घर से बाहर की ओर दौड़े । मेजर वीरेन्द्र दतवालिया ने राष्ट्र विरोधी तत्वों का पीछा किया और उनमें से दो को मार गिराया ।

इस प्रकार मेजर वीरेन्द्र दतवालिया ने अत्यंत साहस, बुद्धिमत्ता और उच्चकोटि की वीरता का परिचय देकर तीन खूंखार आतंकवादियों को मार गिराया ।

5. मेजर धरमेन्द्र गुप्ता (आई सी-42867), 18 असम राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 02-12-1995)

एक विशिष्ट सूचना मिलने पर 02 दिसम्बर, 1995 को 18 असम राइफल्स के मेजर धरमेन्द्र गुप्ता आई सी-42867 ने अपने 8 अन्य रैंकों के साथ जम्मू-कश्मीर में कुलगांव तहसील के पोन्यू गांव में एक मकान की तलाशी लेने की योजना बनाई ।

त्वरित कार्रवाई के जरिए घर से बाहर भागने के सभी रास्तों पर कब्जा करके मेजर धरमेन्द्र गुप्ता ने अपने तीन अन्य रैंकों के साथ उस मकान पर धावा बोलने की तैयारी की । बगल के मकान में छिपे हुए एक आतंकवादी को इस कार्रवाई का पता चल गया और उसने मेजर धरमेन्द्र गुप्ता के दल पर एक हथगोला फेंका और उसके बाद गोलियों की बौछार शुरू कर दी ।

मेजर धरमेन्द्र गुप्ता के माथे पर हथगोले के टुकड़ों से चोट लगने से तेजी से खून बहने लगा । तभी अचानक ही लक्षित मकान की छत के ऊपर से भी गोलीबारी शुरू हो गई । मेजर धरमेन्द्र गुप्ता ने स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए और यह देखते हुए कि इनके सैन्य साथियों की जान खतरे में है, आपने अपनी गम्भीर चोट को भुलाकर झपटकर आतंकवादी को अपनी पोजीशन बदलने से पहले ही मार गिराया । आतंकित होकर दूसरा आतंकवादी घर से बाहर कूदा और पड़ोस के घर में घुसकर वहां से अंधाधुंध गोलीबारी करने लगा । गोलियों की बौछार से अविचलित रहकर आपने दृढ़तापूर्वक और निसंकोच तरीके से कमरे में प्रवेश किया और अपने अचूक निशाने से उस आतंकवादी को वहीं पर ढेर कर दिया ।

इस प्रकार मेजर धरमेन्द्र गुप्ता ने अपने साथियों की जानें बचाने में असाधारण कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

6. 2886537 राइफलमैन रविन्द्र सिंह, 13 राजपूताना राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख 21-12-1995)

21 दिसम्बर, 1995 को सुबह लगभग 11 बजकर 25 मिनट पर जब 13 राजपूताना राइफल की "बी" कम्पनी जम्मू और कश्मीर में बारामूला जिले के टूर गांव में गश्त पर थी उस समय कम्पनी कमांडर ने एक घर में संदेहजनक गतिविधि महसूस की । राइफलमैन रविन्द्र सिंह को घर के मुख्य द्वार पर नजर रखने का आदेश दिया गया । जब सैन्य दल मोर्चा सम्भाल रहा था सभी आतंकवादियों ने भाग निकलने के लिए गोलियां चला दी ।

आमने-सामने की लड़ाई में राइफलमैन रविन्द्र सिंह ने हथियार रहित युद्ध कौशल का परिचय देते हुए आतंकवादी की राइफल छीन ली और उसे मार गिराया तत्पश्चात् अपनी जान की लेश मात्र भी परवाह न करते हुए इन्होंने भागने की कोशिश करते हुए एक आतंकवादी का पीछा किया और उसे भी मार डाला ।

इस प्रकार राइफलमैन रविन्द्र सिंह ने अपनी सुरक्षा की बिलकुल भी परवाह किए बिना साहस, दृढ़ निश्चय और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

7. कैप्टन हितेश भल्ला (आई सी-49510) से में, 21 राष्ट्रीय राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 05-01-1996)

5 जनवरी, 1996 को 21 राष्ट्रीय राइफल्स बटालियन के कैप्टन हितेश भल्ला, सेना मैडल, जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा

जिले के कंडी क्षेत्र में संक्रिया गणपति के अंतर्गत खोजबीन का कार्य कर रहे थे ।

खोजबीन करते समय इनके दल पर भाड़े के दो विदेशी उग्रवादियों ने अपने छिपने के स्थान से गोलीबारी शुरू कर दी जिसे दो गैर-कमीशन अफसर घायल हो गए । कैप्टन हितेश भल्ला ने तत्काल उग्रवादियों के छिपने के स्थान को घेरने का आदेश दिया और स्वयं उग्रवादियों द्वारा स्वचालित हथियारों से की जा रही प्रभावी गोलीबारी के बीच रेंगकर जाते हुए उग्रवादियों के छिपने के स्थान में घुस गए और दोनों घायल अफसरों को बचा लिया ।

तत्पश्चात् इन्होंने अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह किए बिना रेंगकर उग्रवादियों के ठिकाने की ओर बढ़े और उनके ठिकाने के अंदर एक हथगोला फेंक दिया । इसके परिणाम-स्वरूप एक उग्रवादी बुरी तरह से घायल हो गया और दूसरा छत के दरवाजे के निकट आ गया । आमने-सामने की लड़ाई में इस अफसर ने बहुत ही नजदीक से एक अन्य उग्रवादी को मार गिराया ।

इस प्रकार कैप्टन हितेश भल्ला, से मेने अपनी सुरक्षा की रंचमात्र परवाह किए बिना अदम्य साहस, दृढ़ निश्चय और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

8. 2882653 लांस नायक राज सिंह, 13 राजपूताना राइफल्स (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 17-2-1996)

17 फरवरी, 1996 को जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के सोपोर क्षेत्र में राजपूताना राइफल्स की 13वीं बटालियन के जवानों ने आतंकवादियों के छिपने के स्थान का पता लगाकर उसे नष्ट करने के लिए खड़ी चढ़ाई और भारी हिम व घने जंगल से होते हुए कबुत पहाड़ी पर चढ़ाई की ।

दोपहर बाद लगभग 4 बजे ये जवान उग्रवादियों की गोलीबारी में घिर गए । 13 राष्ट्रीय राइफल्स के लांस नायक राज सिंह असाधारण साहस का परिचय देते हुए आतंकवादियों के निकट गए परन्तु आरम्भिक मुठभेड़ में वे गोलीबारी में घायल हो गए ।

यह देखकर कि आतंकवादियों की गोलीबारी से कमांडिंग अफसर की मृत्यु हो गई है, लांस नायक राज सिंह अपनी चोट और व्यक्तिगत सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए रेंगकर आगे बढ़े और आतंकवादियों के निकट जाकर भाड़े के अफगान आतंकवादी को हाथापाई करके मार गिराया ।

तत्पश्चात्, उन्होंने अन्य आतंकवादियों का पीछा करके उन्हें घायल कर दिया । इस कार्रवाई में लांस नायक राज सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गए और अंततः 17 फरवरी, 1996 को उनका देहान्त हो गया ।

इस प्रकार लांस नायक राज सिंह ने असाधारण वीरता, अदभुत साहस, उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय देकर अपने प्राण न्योछावर कर दिए ।

9. 4360580 सिपाही सथीसन एस, 35 राष्ट्रीय राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 20-2-1996)

35 राष्ट्रीय राइफल्स के सिपाही सथीसन एस जम्मू-कश्मीर के बडगांव जिले के बोभिना गांव की विशेष तलाशी के लिए गठित कार्य तीव्र प्रतिक्रिया दल में शामिल थे ।

20 फरवरी, 1996 को गांव बीभिना में पैसा एंठने के उद्देश्य से ठहरे हुए मुस्तफा अहमद उर्फ शौकत और नजीर अहमद नामक दो आतंकवादियों के बारे में सूचना प्राप्त हुई ।

रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे जैसे ही तीव्र प्रतिक्रिया दल उस मकान में घुसा जिसमें आतंकवादी छिपे हुए थे, दोनों राष्ट्र विरोधी तत्वों ने सैनिकों पर गोलीबारी शुरू कर दी और भागने का प्रयास करने लगे । नजीर अहमद ए के राइफल से गोलियां दागने के बाद खिड़की से कूदकर भाग निकला । सिपाही सथीसन अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए उस आतंकवादी के पीछे दौड़े और उसे दबोच लिया । इस हाथापाई के दौरान नजीर अहमद ने सिपाही सथीसन पर तेज धारदार हथियार से उनके दाएं हाथ को घायल करके अपने को छुड़ाने का प्रयास किया । सिपाही सथीसन ने अपने घाव की परवाह न करते हुए अनुकरणीय वीरता का परिचय देते हुए नजीर अहमद को मार गिराया । मुस्तफा अहमद जोकि भागते समय गोली चला रहा था, को भी उन्होंने काम तमाम कर दिया ।

इस प्रकार सिपाही सथीसन ने अदम्य साहस एवं वीरता का परिचय देते हुए घायल हो जाने व अपनी जान को भारी खतरा होने के बावजूद दुर्दान्त उग्रवादियों का काम तमाम कर दिया ।

10. जी एस-171694-के लीडिंग हैन्ड (गैर-तकनीकी) विजेन्द्र सिंह सीमा सड़क संगठन

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख 23-3-1996)

जी एस- 171694-के लीडिंग हैंड (गैर तकनीकी) विजेन्द्र सिंह 410 सड़क अनुरक्षा प्लाटून के अंतर्गत नागालैंड के फेज जिले में छाजूबा में तैनात था ।

23 मार्च, 1996 को लगभग 1845 बजे कुछ सशस्त्र बंदूकधारी बदमाश डी कैम्प में घुस गए । वे परिवार आवासों में घुस गए तथा स्त्रियों और बच्चों के साथ दुर्व्यवहार करने लगे और उनसे मूल्यवान वस्तुएं तथा नकदी छीनने लगे । श्री विजेन्द्र सिंह जो कि उस समय प्लाटून कार्यालय में था, तुरन्त डी कैम्प की ओर दौड़ा ।

श्री विजेन्द्र सिंह ने देखा कि एक बदमाश जिसके पास बंदूक थी एक घर में लूटपाट कर रहा है । इसने उसे पीछे से जाकर कसकर पकड़ लिया तथा उस बदमाश का हथियार छीनने का प्रयास किया । बदमाश ने भी इसका जमकर प्रतिरोध किया

तथा अपनी बंदूक से गोली दागी परन्तु इसके बावजूद भी वह नरम नहीं पड़ा बदमाश ने जब इन्हें अपने ऊपर हावी होता हुआ महसूस किया तो वह लगभग 10 मिनट तक लगातार हाथापाई के पश्चात् अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गया। आपने अपनी जरा सी परवाह न करते हुए बदमाशों को भागने पर मजबूर कर दिया और इस प्रकार परिवारों में होने वाली लूटपाट को रोक दिया।

इस प्रकार श्री विजेन्द्रा सिंह ने अदम्य साहस, पराक्रम, महान उत्तरदायित्व, तत्परता तथा अत्यंत ही धीरता का परिचय दिया।

11. 3000821 नायक एल थोइबा सिंह, 30 असम राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख 3 मई, 1996)

3 मई, 1996 को यह पक्की सूचना मिलने पर कि कुछ सशस्त्र विद्रोही सोइकांग लेइकाई, इम्फाल में शरण ले रहे हैं, सीधू कारवाई दल वहां भेजा गया जिसमें 30 असम राइफल्स के नायक थाइबा सिंह भी शामिल थे।

जिस समय उग्रवादियों के चारों ओर घेरा डाला जा रहा था इन्होंने भारी गोलीबारी शुरू कर दी जिसका जवाब गोलीबारी से दिया गया। एक मकान की पहली मंजिल पर छिपे हुए विद्रोहियों की मौजूदगी की पहचान हो जाने पर जहां से कि गोलीबारी की जा रही थी, नायक एल थोइबा सिंह अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए मकान के आंगन की ओर लपके और टूटी हुई लकड़ी की सीढ़ी के एकमात्र रास्ते से ऊपर चढ़ने लगे तभी उन पर गोलीबारी की गई जिससे उनके शरीर का निचला हिस्सा घायल हो गया।

उन्होंने अपनी चोट की परवाह न करते हुए सीढ़ी से गिर जाने से पूर्व गोलीबारी करके दो विद्रोहियों को घायल कर दिया। दोनों उग्रवादी कूदकर भाग निकले। उसके बाद खोज करने पर एक भूमिगत विद्रोह का शव मिला और उसके पास .32 पिस्तौल और 5 राउंड गोलाबारूद मिला। बाद में उसकी पहचान पी एस ए के दुर्दांत उग्रवादी के रूप में की गई।

इस प्रकार नायक एल थोइबा सिंह ने विद्रोहियों का मुकाबला करने में असाधारण उत्साह, सूझबूझ और उच्चकोटि की वीरता का परिचय दिया।

12. 1316901 लांस नायक जसबीर सिंह, 9 पैरा

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख 5-5-1996)

पैराशूट रेजिमेंट के लांस नायक जसबीर सिंह उस 9 पैरा (विशेष बल) में शामिल थे जिसने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में लोलाब घाटी में प्रतिविद्रोही संक्रियाएं की थीं। 4 मई, 1996 को इस दल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सामान्य क्षेत्र दर्दपुरा में घात लगाकर हमले करने की संक्रिया की योजना बनाई गई थी।

यह दल कठिन पहाड़ी क्षेत्र में रात भर की खड़ी चढ़ाई के बाद 5 मई, 1996 को घात लगाकर हमला करने के स्थल पर पहुंचा। सुबह 9 बजकर 20 मिनट पर लांस नायक जसबीर सिंह ने एक सशस्त्र विदेशी उग्रवादी को देखा और अपने साथी के साथ 50 मीटर रेंगकर उस उग्रवादी के निकट पहुंच गए और उसके सिर पर गोली का प्रहार करके उसे मार गिराया। इस उग्रवादी के मारे जाने से हल्ला मच गया और लगभग 10-12 उग्रवादियों ने लांस नायक जसबीर सिंह और उनके साथी पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। बौछार की पहली गोली लांस नायक जसबीर सिंह के पेट में लगी क्योंकि ये और इनका साथी गोलियों की भारी बौछार की जद में थे। पेट में चोट लग जाने के बावजूद लांस नायक जसबीर सिंह उत्कृष्ट वीरता का परिचय देते हुए गोलीबारी करते और हथगोले फेंकते आगे बढ़े। इस कार्रवाई से इन्होंने एक और उग्रवादी को मार गिराया तथा तीन अन्य उग्रवादियों को गम्भीर रूप से घायल कर दिया। इनकी इस साहसपूर्ण कार्रवाई के परिणामस्वरूप बाकी बचे उग्रवादी घायल उग्रवादी के साथ भाग गए। इस कार्रवाई के दौरान उनकी आंतें बाहर लटक गईं जिन्हें इन्होंने अपने साथी की सहायता से पेट के अन्दर करके फील्ड पट्टी कर ली। बाद में इन्हें अस्पताल ले जाया गया।

इस प्रकार लांस नायक जसबीर सिंह ने 2 दुर्दांत विदेशी भाड़े के उग्रवादियों को मारने तथा 2 ए के 47 राइफल जब्त करने में अनुकरणीय नेतृत्व गुणों का परिचय दिया।

13. मेजर जौन सौन्द्र पाण्डियन
(आई सी—38699),
19 मद्रास (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 10-5-1996)

10 मई, 1996 को 19 मद्रास के मेजर जौन सौन्द्र पाण्डियन ने जम्मू-कश्मीर सेक्टर के डोडा जिले के कठाउ क्षेत्र में अवरोध स्थिति स्थापित की। सुबह नौ बजकर पच्चीस मिनट पर कमांडिंग अफसर के दल को कठाउ के निकट उग्रवादियों के एक समूह का पता लगा और उस से मुठभेड़ हो गई जो 40 मिनट तक चली।

मेजर सौन्द्र पाण्डियन ने निकल भागने के रास्ते का पता लगाया और स्वेच्छा से गहरे जंगल में छिपे उग्रवादियों के निकट चले गए। उग्रवादियों ने अचानक गोलीबारी शुरू करके उस अफसर के सीने में गम्भीर घाव कर दिए। अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए उस बहादुर अफसर ने साहसिक रूप से गोलीबारी कर दी और अपने पर प्रहार करने वाले उग्रवादी को वहीं ढेर कर दिया। अन्य उग्रवादियों ने उन पर दो हथगोले फेंके जिससे उनकी मृत्यु हो गई।

मेजर जौन सौन्द्र पाण्डियन वीरता असाधारण साहस और बल भावना का परिचय देते हुए 10 मई, 1996 को पूर्वाह्न 11 बजकर 20 मिनट पर घटनास्थल पर ही वीरगति को प्राप्त हो गए। उनके इस बलिदान से उनकी यूनिट प्रेरणा पाकर सक्रिय हो गई और पांच उग्रवादियों को मार गिराया तथा उनके संगठन की शक्ति को नष्ट कर दिया।

इस प्रकार जौन सैन्द पाण्डियन ने असाधारण वीरता का परिचय देते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया ।

14. लैफ्टिनेन्ट कर्नल मुकेश चन्द्र शर्मा
(आई सी–36554),
16 राष्ट्रीय राइफल्स

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 22-5-1996)

22 मई, 1996 को लेफ्टिनेन्ट कर्नल मुकेश चन्द्र शर्मा स्थानापन्न कमांडिंग अफसर 16 राष्ट्रीय राइफल्स बोखा (नागालैण्ड)—गोलाघाटे (असम) सड़क पर आठ वाहनों के एक विशेष काफिले में जा रहे थे । वे जोंगा चला रहे थे जो काफिले में चौथा वाहन था ।

दोपहर सवा बारह बजे उस काफिले पर नागा उग्रवादियों ने घात लगाकर हमला कर दिया जो कि लगभग बीस से तीस की संख्या में थे । उन्होंने भारी गोलीबारी शुरू कर दी । गोलीबारी की पहली बौछार जोंगा पर सामने से लगी जिसमें लेफ्टिनेन्ट कर्नल शर्मा के सीने में घाव हो गए ।

यद्यपि वे घायल हो गए थे फिर भी उन्होंने तत्काल जोंगा रोका और अपने अन्य साथियों को वाहनों से उतरकर गोलीबारी का जवाब देने का आदेश दिया । उन्होंने अपनी पिस्तौल निकाल ली और घात लगाकर हमला कर रहे उग्रवादियों पर गोलीबारी शुरू कर दी ।

लहूलुहान हो जाने पर भी उन्होंने डाक्टरी सहायता लेने से मना कर दिया और बाएं हाथ से जोंगा चलाते और दाएं हाथ से गोलीबारी करते हुए गोलियों की बौछार के बीच से आगे बढ़े और साथ ही अपने साथियों को घात लगाकर हमला कर रहे उग्रवादियों पर गोलीबारी करने के लिए जोर से बोलकर प्रेरित किया । उन्होंने उग्रवादियों द्वारा गतिहीन कर दिए गए वाहन को संभाला और अपने साथियों को प्रेरित करते हुए काफिले के साथ आगे बढ़े, ऐसा करते समय और गोलियां लगीं जिनमें से दो मीटर की दूरी से चलाई गई एक घातक गोली उनके सिर में लग गई । लेफ्टिनेन्ट कर्नल मुकेश चन्द्र शर्मा घावों के कारण जोंगा के पहिए के निकट गिरकर वीरगति को प्राप्त हो गए और तब भी उन्होंने अपने हाथ में पिस्तौल ले रखी थी ।

इस प्रकार लेफ्टिनेन्ट कर्नल मुकेश शर्मा ने नागा विद्रोहियों के साथ प्रति-विद्रोही कार्रवाई में असाधारण साहस, एवं उच्चतम नेतृत्व गुणों का परिचय दिया ।

15. मेजर अनिल कुमार
(आई सी–50280),
8 असम रजिमेन्ट

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 24-6-1996)

8 असम के मेजर अनिल कुमार, असम के कार्बी आंगलोंग जिले में बोथलंगस के समीप उमरू गांव में असोम कैम्प के यूनाइटेड लिबरेशन फ्रन्ट के होने की एक स्रोत से विशेष सूचना मिलने पर 24/25 जून, 1996 की रात को सामान्य क्षेत्र में सैन्य बल लेकर तेजी से उस ओर चल पड़े । मेजर अनिल कुमार कैम्प के मुख्य पहुंच की सुरक्षा कर रहे भूमिगत विद्रोही संतरियों का सफाया करने के लिए दो जवानों को आगे रखकर अपने दल का नेतृत्व करते हुए रात के अन्धेरे में चुपके-चुपके अंतिम 20 मीटर की दूरी तय करने के लिए आगे बढ़े। मेजर अनिल कुमार ने एक भूमिगत विद्रोही को पूर्णतया आश्चर्यचकित करते हुए उसे उठाकर जमीन पर पटक दिया और उसे दबोच लिया जबकि इनके एक साथी ने उस भूमिगत विद्रोही का हथियार छीन लिया । अपने साथियों से अन्य दो आतंकवादियों पर गोलीबारी करने का आदेश देते हुए उन्होंने उन्हें हताश होकर भागने पर मजबूर कर दिया । उसके बाद मेजर अनिल कुमार पकड़े गए, संतरी और हथियार को वापस कैम्प की सुरक्षा कर रहे दल के स्थान पर ले गए जबकि दोनों पक्षों की ओर से स्वचालित हथियारों से गोलीबारी की जा रही थी । 25 जून, 1996 को रात लगभग 3 बजकर 45 मिनट पर जब वे कैम्प की तलाशी लेने आगे बढ़े तो 6 आतंकवादियों के एक दल ने उन पर भारी गोलीबारी करनी शुरू कर दी । मेजर अनिल कुमार ने साहसपूर्वक गोलीबारी का जवाब दिया और कैम्प में शरण लिए हुए आतंकवादियों को वहां से बाहर निकालने के लिए निकटवर्ती पेड़ की ओर लेकर पीछे से उन पर टूट पड़े। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए इन्होंने अपने जवानों को इन आतंकवादियों का मुकाबला करते रहने का निर्देश दिया और अपने दोनों दलों की गोलीबारी का समन्वय करने के लिए निडरतापूर्वक आगे बढ़े । मेजर अनिल कुमार की अनुकरणीय वीरतापूर्ण कार्रवाई के परिणाम स्वरूप यूनाइटेड लिबरेशन फ्रन्ट आफ असम के पांच वर्दीधारी सदस्यों का सफाया किया जा सका और तीन को पकड़ लिया गया ।

इस प्रकार मेजर अनिल कुमार ने 5 असमी विद्रोहियों को मारकर तथा 3 को पकड़कर अनुकरणीय नेतृत्व व उच्चतम कोटि की वीरता का परिचय दिया ।

16. महिपाल यादव,
पेटी अफसर,
यू डब्ल्यू- (ए डी), 112853-के,

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 29-7-1996)

29 जुलाई, 1996 को लगभग 1700 बजे जब भा नौ पो सावित्री पूर्वी तट वाले समुद्र में एक बड़े सामरिक अभ्यास में व्यस्त था, तो पिछली ओर से मर्चेन्ट नेवी के एक टैंकर से तेल लेते समय तेल भरण हौज में लगी नाइलान की रस्सी पोत के स्टैबिलाइजर में उलझ गई । पोत के खुले समुद्र में रूक जाने की संभावना से बचने के लिए होस लाइन को काट दिया गया तथा पोत को तत्काल रोक दिया गया । रस्सी को पोत से छुड़ाने के सभी प्रयत्न बेकार हो गए । सांझ ढलने लगी थी तथा उलझी हुई रस्सी को हटाना आवश्यक हो गया था ताकि पोत जल्दी से जल्दी चल सके । ऐसे में पोत के नीचे से रस्सी को हटाने के लिए गोताखोर भेजने का निर्णय लिया गया ।

पेटी अफसर यादव सर्वप्रथम गोता लगाने के लिए सामने आए क्योंकि उनका विचार था कि अशान्त समुद्र तथा कम होती रोशनी की उस स्थिति में उनका लम्बा अनुभव काम आएगा । पेटी अफसर पोत की बगल में गए और शान्त, संतुलित तथा व्यावसायिक ढंग से अपना कार्य शुरू कर दिया । पोत के हिचकोले खाने और डगमगाने के कारण पैदा हुई कठिन स्थितियों के बावजूद पेटी अफसर यादव अपने काम पर डटे रहे और इन्होंने होज लाइन का सिरा तथा बोया खोज लिया जो कुछ ही समय में ऊपर आ गए जिससे पोत खतरे से बाहर हो गया ।

फिर भी रस्सी को छुड़ाने के इस जटिल, पेचीदा तथा खतरनाक कार्य को करते समय पेटी अफसर यादव जख्मी हो गए जिससे इनकी सांस रुकने लगी और दम घुटने से इनकी मृत्यु हो गई ।

इस प्रकार अपनी जान की परवाह न करते हुए उत्कृष्ट बहादुरी, असाधारण कर्तव्यपरायणता और महान देशभक्ति का परिचय दिया ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं. 13-प्रेज/97—राष्ट्रपति, निम्नलिखित कार्मिकों को उनकी अति असाधारण कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए "परम विशिष्ट सेवा मेडल" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. लैफ्टिनेंट जनरल रवि एइपे (आई सी-11566), अ वि से मे, इन्फैंट्री ।
2. लैफ्टिनेंट जनरल चन्द्र शेखर (आई सी-11837), अ वि से मे, इन्फैंट्री ।
3. लैफ्टिनेंट जनरल एस पद्मनाभन (आई सी-11859), अ वि से मे, वि से मे, आर्टिलरी ।
4. लैफ्टिनेंट जनरल हरि मोहन खन्ना (आई सी-12315), अ वि से मे, इन्फैंट्री ।
5. लैफ्टिनेंट जनरल हीरा बल्लभ काला (आई सी-12356), अ वि से मे, शौ. च., इन्फैंट्री ।
6. लैफ्टिनेंट जनरल हरनरिन्द्र सिंह बेदी (आई सी-11558), इन्फैंट्री ।
7. लैफ्टिनेंट जनरल अमरजीत सिंह संधू (आई सी-11823), कवचित कोर ।
8. लैफ्टिनेंट जनरल सुरजीत सिंह सेठी (आई सी-11825), अ वि से मे, आर्टिलरी ।
9. लैफ्टिनेंट जनरल कृष्ण मोहन सेठ (आई सी-12070), अ वि से मे, आर्टिलरी ।
10. लैफ्टिनेंट जनरल कुलदीप सिंह सेठी (आई सी-12361), अ वि से मे, आर्टिलरी ।
11. लैफ्टिनेंट जनरल बलदेव सिंह रंधावा (आई सी-12410), अ वि से मे, इन्फैंट्री ।
12. लैफ्टिनेंट जनरल मनजीत सिंह भुल्लर (आई सी-12524), वि से मे, इन्फैंट्री ।
13. लैफ्टिनेंट जनरल जगदीश सिंह ढिल्लों (आई सी-12534), यु से मे, इन्फैंट्री ।
14. लैफ्टिनेंट जनरल विजय कुमार कपूर (आई सी-12793), अ वि से मे, इलैक्ट्रिकल तथा मैकेनिकल इंजीनियर्स ।
15. लैफ्टिनेंट जनरल तेज पाल सिंह रावत (आई सी-12836), वि से मे, इन्फैंट्री ।
16. लैफ्टिनेंट जनरल सरबजीत सिंह ग्रेवाल (आई. सी.-13264), अ वि से मे, से मे, वि से मे, इन्फैंट्री ।
17. मेजर जनरल चंदन सिंह नुग्याल (आई सी-12851), उ यु से मे, इन्फैंट्री ।
18. वाइस एडमिरल अवनीश राय टंडन, अ वि से मे, (00421-एफ) ।
19. वाइस एडमिरल अडोल्फ ब्रिट्टो, अ वि से मे, वि से मे, (40143-एच) ।
20. वाइस एडमिरल सबीस्टियन कॉर्नेलियस पिंटो? —
20. वाइस एडमिरल थॉमस कोरियाथा?

सं. 15-प्रेज/97—राष्ट्रपति, निम्नलिखित कार्मिकों को उनकी असाधारण कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए "अति विशिष्ट सेवा मेडल का बार" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. लेफ्टिनेंट जनरल शमशेर सिंह मेहता (आई सी-13898), अ वि से मे, वि से मे, कवचित कोर।
2. एयर कमोडोर पदमजीत सिंह अहलूवालिया, अ वि से मे, वा मे, वि से मे (11631) फ्लाइंग (पायलट)।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं. 16-प्रेज/97—राष्ट्रपति, निम्नलिखित कार्मिकों को उनकी असाधारण कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए "अति विशिष्ट सेवा मेडल" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. लेफ्टिनेंट जनरल रसेल जेकब मोथिकाइ (आई सी-12543), इंजीनियर्स।
2. लेफ्टिनेंट जनरल युवराज कुमार मेहता (आई सी-12803), इंजीनियर्स।
3. लेफ्टिनेंट जनरल रवी कुमार साहनी (आई सी-12992), इन्फैंट्री।
4. लेफ्टिनेंट जनरल अद्दसमिल्ली सेषागिरि राव (आई सी-13385), इन्फैंट्री।
5. लेफ्टिनेंट जनरल धर्मवीर सिंह (आई सी-12552), इलैक्ट्रिकल तथा मकैनिकल इंजी.।
6. लेफ्टिनेंट जनरल निर्मल चन्द्र विज (आई सी-13710), इन्फैंट्री।
7. मेजर जनरल नरीश सिंह कटोच (आई सी-12846) से.मे.वि.से.मे. और बार इंफैंट्री।
8. मेजर जनरल प्रभाकर श्रीपद मोवक (आई सी-12931), सिग्नल।
9. मेजर जनरल कंडाबि रामस्वामी सम्पथ कुमार (आई सी-13027), वि.से.मे. आर्टि.।
10. मेजर जनरल मोहन आनंद गुरूबक्सनी (आई सी-13633), इंफैंट्री।
11. मेजर जनरल गोपाल कृष्ण दुग्गल (आई सी-14541), वीर चक्र, इंफैंट्री।
12. मेजर जनरल योगेश्वर महन (आई सी-14727), शौ. चक्र, इंफैंट्री।
13. मेजर जनरल दत्तात्रय बालाजी राव शेकटकर (आई-सी-14765), वि.से.मे., इन्फैंट्री।
14. मेजर जनरल अनन्तनारायण नटराजन (आई सी-15464), वि.से.मे., आर्टिलरी।
15. मेजर जनरल गुरबक्श सिंह सिहोटा (आई सी-15471), वी. चक्र. वा. मे., आर्टिलरी।
16. मेजर जनरल नारायण चैटर्जी (आई सी-15543), से.मे., वि.से.मे., आर्टिलरी।
17. मेजर जनरल जगदीश चन्द्र (आई सी-15931), वि.से.मे., सेना सेवा कोर।
18. मेजर जनरल गुरदेव सिंह औक्टेनिया (एम आर-1890), सेना चिकित्सा कोर।
19. ब्रिगेडियर नरेन्द्र पाल ज्योति (आई सी-16417), सिग्नल।
20. ब्रिगेडियर मोहिन्दर सिंह (आई सी-16838), इन्फैंट्री।
21. ब्रिगेडियर अमरीक सिंह बाहिया (आई सी-17576), इन्फैंट्री।
22. ब्रिगेडियर मोहिन्दर पाल सिंह (आई सी-17589), कवचित कोर।
23. ब्रिगेडियर देवराज सिंह (आई सी-17594), इन्फैंट्री।
24. ब्रिगेडियर मोहन चन्द्र भंडारी (आई सी-17615), इन्फैंट्री।
25. ब्रिगेडियर कमल कृष्ण खन्ना (आई सी-17640), इन्फैंट्री।
26. ब्रिगेडियर मदन गोपाल (आई सी-17733), इन्फैंट्री।
27. ब्रिगेडियर परमेन्द्र कुमार सिंह (आई सी-19050), आर्टिलरी।
28. ब्रिगेडियर इन्दरजीत सिंह (आई सी-22575), कीर्ति चक्र, वि से मे, इन्फैंट्री।
29. सर्जन वाईस एडमिरल चन्द्रशेखर दुरइस्वामी शशी कुमार, 75579-डब्ल्यू।
30. रियर एडमिरल यशवंत प्रसाद, वि से मे (00709-के)।
31. रियर एडमिरल सुरेश चन्द्र मेहता (00727-ए)।
32. रियर एडमिरल प्रबीर कुमार चक्रवर्ती, (40189-एन)।
33. कमोडोर अरूण कुमार कपूर, वि से मे (00638-जेड)।
34. कमोडोर सतीजेंद्र नाथ (00641-आर)।
35. कमोडोर अंबाट धाक्को अयप्पन, (60144-आर)।
36. एयर मार्शल विनोद चन्द्र धाली, वि से मे, (6590), प्रशासन।
37. एयर मार्शल शान्ति स्वरूप गुप्ता, वि से मे (6805), वैमानिकी इंजीनियरिंग (मैकेनिकल)।

38. एयर वाईस मार्शल श्री पेरूमबुदुर राघवन, वि से मे, (6710), संभारिकी ।

39. एयर वाईस मार्शल सुखइन्दर सिंह बिन्दरा, वा मे, (6863), फ्लाइंग (पायलट) ।

40. एयर वाईस मार्शल माईकल मैकमहोन, वा मे, (7399), फ्लाइंग (पायलट) ।

41. एयर कमोडोर अमलेन्द्र नाथ सेन (8395), फ्लाइंग (पायलट) ।

42. एयर कमोडोर पीटर कीथ पिन्टो (8419), फ्लाइंग (पायलट) ।

43. एयर कमोडोर आईवर पर्सिवल अलेक्जन्डर (8430), फ्लाइंग (पायलट) ।

44. एयर कमोडोर प्रमोद कुमार मिश्र (8842), शिक्षा।

45. एयर कमोडोर मोहिन्दरजीत सिंह सिन्धा वा मे, (9711), फ्लाइंग (पायलट) ।

46. एयर कमोडोर सुभाष भोजवानी, वि से मे (9734), फ्लाइंग (पायलट) ।

47. जी ओ-278-एफ मुख्य अभियन्ता राम प्रकाश, शौर्य चक्र, बी. आर. ओ. ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं. 17-प्रेज/97—राष्ट्रपति, ब्रिगेडियर तेज स्वरूप पाठक (आई सी-16844), यु से मे, इन्फैंट्री को उनकी उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए "युद्ध सेवा मेडल का बार" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं. 18-प्रेज/97—राष्ट्रपति, कमोडोर तिलकमारी रामाचन्द्रा चार्यलु (00962-के) को उनकी उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए "युद्ध सेवा मेडल" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं. 19-प्रेज/97—राष्ट्रपति, निम्नलिखित कार्मिकों को उनकी उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए "विशिष्ट सेवा मेडल" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. मेजर जनरल सर्व जोत सिंह सहगल (आई सी-132344) वि मे, आर्टिलरी ।

2. मेजर जनरल आदेन्द्र कुमार शर्मा (आई सी-13594), विद्युत एवं यांत्रिक इंजीनियर्स ।

3. मेजर जनरल सुरेन्द्र शाह (आई सी-13687), वी चक्र, इन्फैंट्री ।

4. मेजर जनरल महेन्द्र सिंह चन्दोक (आई सी-14058), सेना सेवा कोर ।

5. मेजर जनरल जितेन्द्र सिंह (आई सी-14382), इन्फैंट्री ।

6. मेजर जनरल धर्म प्रकाश सहगल (आई सी-15403), सिगनल्स ।

7. मेजर जनरल रणजीत सिंह नागरा (आई सी-15492), आर्टिलरी ।

8. मेजर जनरल विसाल प्रकाश रामाराव आई सी-16045), आर्टिलरी ।

9. मेजर जनरल मंजीत सिंह संधू (आई सी-16130), कवचित कोर ।

10. मेजर जनरल सर्वजीत सिंह चहल (आई सी-16240), इन्फैंट्री ।

11. मेजर जनरल अमरजीत सिंह कलेर (आई सी-16263), कवचित कोर ।

12. मेजर जनरल परिन्द पाल सिंह बिन्द्रा (आई सी-18964), इन्फैंट्री ।

13. मेजर जनरल जितेन्द नाथ फक्कन (एम आर-01042), सेना चिकित्सा कोर ।

14. ब्रिगेडियर धरमजीत सिंह (आई सी-14011), इन्फैंट्री ।

15. ब्रिगेडियर जरनेल सिंह अल्लाल (आई सी-14568), से मे, इन्फैंट्री ।

16. ब्रिगेडियर समन्दर सिंह चौहान (आई सी-14894), विद्युत एवं यांत्रिक इंजीनियर्स ।

17. ब्रिगेडियर इन्द्रनाथ भाटिया (आई सी-15434), सिगनल्स ।

18. ब्रिगेडियर अरूण कुमार मिश्र (आई सी-16544), इन्फैंट्री ।

19. ब्रिगेडियर योगेश कुमार सक्सेना (आई सी-15807), इंजीनियर्स ।

20. ब्रिगेडियर कमल नयन ओन्नि (आई सी-15808), विद्युत एवं यांत्रिक इंजीनियर्स ।

21. ब्रिगेडियर पत्तम मडम मोहनदास (आई सी-15821), विद्युत एवं यांत्रिक इंजीनियर्स ।

22. ब्रिगेडियर प्रशान्त कुमार घोष (आई सी-15842), वी चक्र, सिगनल्स ।

23. ब्रिगेडियर ललित मलहोत्रा (आई सी-16243), आसूचना कोर ।

24. ब्रिगेडियर विनायक गोपाल पटनकर (आई सी-16313), आर्टिलरी ।

25. ब्रिगेडियर सोहल सरबजीत सिंह (आई सी-16330), से मे, इन्फैंट्री ।

26. ब्रिगेडियर मनमोहन सिंह बेदवान (आई सी-16615), विद्युत एवं यांत्रिक इंजीनियर्स ।

27. ब्रिगेडियर मृदुल दत्ता (आई सी-16883), इन्फैंट्री ।

28. ब्रिगेडियर प्रदिप मेहता (आई सी-17120), इंजीनियर्स ।

29. ब्रिगेडियर निर्भय शर्मा (आई सी-17244), इन्फैंट्री ।

30. ब्रिगेडियर बलदेव सिंह ढिल्लन (आई सी-17248), इन्फैंट्री ।

31. ब्रिगेडियर बलबीर सिंह यादव (आई सी-17587), इन्फैंट्री ।

32. ब्रिगेडियर ओ पी नन्दरजोग (आई सी-19002), इन्फैंट्री ।

33. ब्रिगेडियर अशिश कुमार दत्त (आई सी-19006), कवचित कोर ।

34. ब्रिगेडियर हरदेव सिंह लिड्डर (आई सी-19009), यु से मे, इन्फैंट्री ।

35. ब्रिगेडियर मुखबीर सिंह रोठी (आई सी-22571), इन्फैंट्री ।

36. ब्रिगेडियर सबास्तियन थोमस मणिमाला (आई सी-26046), आसूचना कोर ।

37. ब्रिगेडियर मनालिल विटिल गंगाधरन (आई सी-26583), इन्फैंट्री ।

38. ब्रिगेडियर कश्यप सुन्दरम शिवाकुमार (आई सी-28605), इन्फैंट्री ।

39. ब्रिगेडियर शेखर कुमार सेन (टी सी-31473), सेना पोस्टल सेवा ।

40. ब्रिगेडियर अंजनी कुमार श्रीवास्तव (एम आर-02397), सेना चिकित्सा कोर ।

41. कर्नल दीपक आनंद (आई सी-19983), मराठा लाईट इन्फैंट्री ।

42. कर्नल दिलीप यादव (आई सी-23191), आर्मी एविएशन (आर्टिलरी) ।

43. कर्नल जगदीश मल्होत्रा (आई सी-23398), सिगनल्स ।

44. कर्नल कुलदीप सिंह (आई सी-24673), राजपूताना राइफल्स ।

45. कर्नल मोहन कृष्ण चौहान (आई सी-26599), मद्रास ।

46. कर्नल परमेश्वर कुमार (आई सी-27262), आर्टिलरी ।

47. कर्नल (डा.) श्रीनिवास दीक्षित (आई सी-27555), विद्युत एवं यांत्रिक इंजीनियर्स ।

48. कर्नल भूपेन्द्र पाल सिंह खाती (आई सी-27702), पैरा ।

49. कर्नल नीलाद्रि शंकर मुखर्जी (आई सी-29165), से मे, बिहार ।

50. कर्नल भंवर लाल पूनिया (आई सी-30386), गार्ड्स ।

51. कर्नल संजय वामन भिडे (आई सी-30697), पैरा ।

52. कर्नल अशोक सिंह (आई सी-30723), गार्ड्स ।

53. कर्नल कोम्माराजु रामचन्द्र राव (आई सी-30897), सेना आयुध कोर ।

54. कर्नल अश्विनी कुमार बक्शी (आई सी-30997), बिहार ।

55. कर्नल मुथाना बालाचंद्र चन्गप्पा (आई सी-32003), गोरखा राइफल्स ।

56. कर्नल सर्वजीत सिंह बुटालिया (आई सी-32283), कवचित कोर ।

57. कर्नल विजय कुमार (आई सी-32551), गढ़वाल राइफल्स ।

58. कर्नल राज कुमार चोहान (आई सी-32857), जाट ।

59. कर्नल मिठा लोकेश चान्द्र (आई सी-32941), ग्रेनेडियर्स ।

60. कर्नल जूड लारेंस क्रूज (आई सी-33543), से मे, पैरा ।

61. कर्नल मैथ्यु, मैथ्यु पोनलापाजिसाथील आई सी-36138), सिख लाइट इन्फट्री ।

62. कर्नल वेद प्रकाश शर्मा (वी-291), पशु चिकित्सा कोर ।

63. कर्नल मदन लाल चावला (एम आर-2068), सेना चिकित्सा कोर ।

64. कर्नल परमेश्वर सुंदर राजन अय्यर (एम आर-2440), सेना चिकित्सा कोर ।

65. कर्नल (श्रीमती) अंजू मनचन्दा (एम आर-04353), सेना चिकित्सा कोर ।

66. कर्नल (कुमारी) मारथीन मेरी लिम्बो (एन आर-13746), सेना परिचर्या सेवा ।

67. कर्नल बी चन्द्रशेखर (आई सी-23545), सिगनल्स, डी. आर. डी. ओ ।

68. कर्नल रमेश खोसला (आई सी-17079), सिगनल्स, डी पी. एंड एस ।

69. लेफ्टिनेंट कर्नल ओंकार नाथ सक्सेना (आई सी-12147), राजपूताना राइफल्स ।

70. लेफ्टिनेंट कर्नल वीरेन्द्रजीत सिंह ग्रेवाल (आई सी-33049), आसूचना कोर ।

71. लेफ्टिनेंट कर्नल कुंवर युधिष्ठिर सिंह पंवार (आई सी-34769), पैरा ।

72. लेफ्टिनेंट कर्नल चन्द्र प्रकाश राय (एम आर-02664), सेना चिकित्सा कोर ।

73. लेफ्टिनेंट कर्नल अरूण कुमार (एम आर-3234), सेना चिकित्सा कोर ।

74. लेफ्टिनेंट कर्नल राधे श्याम प्रसाद (एम आर-3407), सेना चिकित्सा कोर ।

75. लेफ्टिनेंट कर्नल (कुमारी) रीटा पिटरस (एन आर-15020), सेना परिचर्या सेवा ।

76. मेजर अवनिन्द्र जोशी (आई सी-47607), से मे, गोरखा राइफल्स ।

77. रियर एडमिरल अशोक कुमार कालड़ा (50197-एच) ।

78. कमोडोर नरसिम्हन वेणुगोपाल (00747-वाई) ।

79. कमोडोर मेलरीपुरम कृष्णन् कल्याण कृष्णन् (40-302 डब्ल्यू) ।

80. कमोडोर दिलीप देशपांडे (40385-एच) ।

81. कमोडोर सोमीर सुशील चन्द्र मुखर्जी (40430-के)।

82. कमोडोर ध्रुव राज आचार्य (60175-के) ।

83. कमोडोर इन्द्र कुमार मनूजा (01131-डब्ल्यू) ।

84. कैप्टन आनंद यशवंत कल सकर (01532-एफ) ।

85. कैप्टन राघवन रविचन्द्र (40499-टी) ।

86. कैप्टन दिलीप कुमार महापात्र (70173-एच) ।

87. सर्जन कमांडर विनोद कुमार सक्सेना (75153-ए) ।

88. कमांडर आनंद गोपाल अय्यर (02051-के) ।

89. कमांडर सुनील एडविन लॅविस (02110-डब्ल्यू) ।

90. कमांडर नारायनन् कृष्णस्वामी सम्पथ (50404-बी)

91. पृथन विट्टिल उन्नीकृष्णन्, एम सी ए (एस ई) (1) (097139-वाई) ।

92. पनकपरम् विनसैन्ट फ्रांसिस, एम सी पी ओ (एम यू एस) (1) (042834-ए) ।

93. एयर कमोडोर रमेश चन्द्र महाडीक (8570) प्रशासन ।

94. एयर कमोडोर सुधीर मोहन सेठी (9479) फ्लाइंग (पायलट) ।

95. एयर कमोडोर सतीश चन्द्र लूथरा (12899) चिकित्सा ।

96. ग्रुप कैप्टन रघुबीर चन्द गोयल (8512), एयरोनाटिकल इंजीनियरिंग (इलेक्ट्रानिक्स) ।

97. ग्रुप कैप्टन विपिन चानना (10960) फ्लाइंग (पायलट) ।

98. ग्रुप कैप्टन सेल्वम कुलन्दयसामी जयराजन (11695), संभारिकी ।

99. ग्रुप कैप्टन हरेन्द्रजीत सिंह गायकल (11730), प्रशासन ।

100. ग्रुप कैप्टन जितेन्द्र सिंह ठाकुर (12012) फ्लाइंग (पायलट) ।

101. ग्रुप कैप्टन परमिन्दर पाल सिंह रन्धू (12644), एयरोनाटिकल इंजीनियरिंग (मैकेनिकल) ।

102. ग्रुप कैप्टन सुमित मुकर्जी, वी. एम. (12925) फ्लाइंग (पायलट) ।

103. ग्रुप कैप्टन सुदर्शन स्वामीनाथन् (10344), एयरोनाटिकल इंजीनियरिंग (इलेक्ट्रानिक्स) ।

104. ग्रुप कैप्टन गजिन्दर पाल सिंह दुआ (13306) एयरोनाटिकल इंजीनियरिंग (इलेक्ट्रानिक्स) ।

105. ग्रुप कैप्टन राम रतन भारद्वाज (13337) एयरोनाटिकल इंजीनियरिंग (मैकेनिकल) ।

106. ग्रुप कैप्टन प्रमोद वसंत आठवले (13472), एयरोनाटिकल इंजीनियरिंग (इलेक्ट्रानिक्स) ।

107. विंग कमांडर जलबीरा सिंह बापाराय (13108) संभारिकी ।

108. विंग कमांडर नरेश चन्द्र शर्मा (13586), फ्लाइंग (पायलट) ।

109. विंग कमांडर अजय कुमार चौधरी (13657) प्रशासन ।

110. विंग कमांडर देवेन्द्र सिंह (14284) फ्लाइंग (पायलट) ।

111. विंग कमांडर अनिल कुमार श्रीवास्तव (14698) प्रशासन ।

112. विंग कमांडर भास्करन नायर उन्नीकृष्णन् (15004) फ्लाइंग (पायलट) ।

113. विंग कमांडर कोलार विश्वेश्वरा वेंकटेश अय्यर (15068) एयरोनाटिकल इंजीनियरिंग (मैकेनिकल) ।

114. विंग कमांडर कुलदीप मलिक, वा मे (15181) फ्लाइंग (पायलट) ।

115. विंग कमांडर सतीश शर्मा (11656) फ्लाइंग (पायलट) सेवानिवृत्त ।

116. स्क्वाड्रन लीडर अतुल कुमार सिंह (17041) प्रशासन ।

117. स्क्वाड्रन लीडर सोमदेव (17434) एयरोनाटिकल इंजीनियरिंग (मैकेनिकल) ।

118. स्क्वाड्रन लीडर विश्वजित मधुकर ओवर (19041) एयरोनाटिकल इंजीनियरिंग (इले.)।

119. फ्लाइट लेफ्टिनेंट मुख्त्यार सिंह सैनी (18968) एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग (इले.)।

120. 233273-के जूनियर वारंट अफसर श्रीपति देवनाथ कारपेंटर/रिगर।

121. जी ओ-420-ए उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी सैलेन्द्रा नाथ मंडल, बी आर ओ।

122. जी ओ-1368-पी चिकित्सा अधिकारी ग्रेड-1, आर कनिका राज, बी आर ओ।

123. जी ओ-338-एल अधीक्षक अभियंता सिविल, एस जी, मदन गोपाल अश्विनी कुमार (सेवानिवृत्त) बी आर ओ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं. 20-प्रेज/97—राष्ट्रपति, कर्नल अरांकलि मुदला गिरि राव प्रकाश (आई सी-33183) सं. मे. ग्रेनेडियर्स को उनकी असाधारण साहस के लिए "सेना मेडल/आर्मी मेडल का बार" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं. 21-प्रेज/97—राष्ट्रपति, निम्नलिखित कार्मिकों को उनकी असाधारण कर्त्तव्यपरायणता अथवा साहस के लिए "सेना मेडल/आर्मी मेडल" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. कर्नल स्टैनले साम्युल (आई सी-30713), गोरखा राइफल्स।
2. कर्नल प्रीतम सिंह विष्ट (आई सी-36046), पंजाब।
3. मेजर बिपिन पाल भल्ला (आई सी-35311), असम रेजिमेंट।
4. मेजर जोध सिंह (आई सी-37946), ग्रेनेडियर्स।
5. मेजर पी वेनुगोपाल (आई सी-37979), आर्टिलरी।
6. मेजर पांडियन चन्द्रा शेखर (आई सी-37711), आर्टिलरी।
7. मेजर राकेश शर्मा (आई सी-38138), आर्टिलरी।
8. मेजर आलोक माथुर (आई सी-38575), कवचित कोर।
9. मेजर मनजीत मेहता (आई सी-38673), जम्मू और कश्मीर राइफल्स।
10. मेजर बिमन साहा (आई सी-39023), सिग्नल्स।
11. मेजर दिगम्बर सिंह पोखरिया (आई सी-42907), गार्ड्स।
12. मेजर दिबेंदु मुकर्जी (आई सी-43454), मराठा लाइट इन्फैंट्री।
13. मेजर संजय प्रधान (आई सी-50271), इंजीनियर्स।
14. मेजर रघुनाथ सिंह शेखावत (आई सी-50612), ग्रेनेडियर्स।
15. मेजर सोमेश काले (आई सी-48605), कुमाऊं।
16. मेजर नरेश कुमार सिंह (आई सी-37215), गार्ड्स।
17. मेजर चन्दन सिंह बिष्ट (आई सी-35544), आसूचना कोर।
18. मेजर सतिन्दर पाल सिंह परहार (आई सी-41538), बिहार।
19. मेजर बकाली खाली इब्राहिम (आई सी-38542), मराठा लाइट इन्फैंट्री (मरणोपरांत)।
20. मेजर विकास यादव (आई सी-45068), जाट (मरणोपरांत)।
21. मेजर वंलाला विजया भास्कर (आई सी-46216), मद्रास।
22. मेजर आशुतोष कुमार (आई सी-50353), जाट (मरणोपरांत)।
23. कैप्टन हेमंत कुमार सिन्हा (एस एस-35769), पंजाब।
24. कैप्टन गुरिन्द्र सिंह (आई सी-43760), इंजीनियर्स।
25. कैप्टन रघुराज सिंह (आई सी-46505), राजपूताना राइफल्स।
26. कैप्टन रनजीत रतन कोठवाल (आई सी-49065), जम्मू एवं कश्मीर लाइट इन्फैंट्री।
27. कैप्टन थंगजाम टिकेन्द्रा सिंह (आई सी-50367), ग्रेनेडियर्स।
28. कैप्टन नवरतन सिंह (आई सी-51642), सिख लाइट इन्फैंट्री।
29. कैप्टन संजीव सिंह (आई सी-51751), गोरखा राइफल्स।
30. कैप्टन दीपांशु सिन्हा (आई सी-52468), असम रेजिमेंट।
31. कैप्टन सुखिन्दर सिंह गरचा (आई सी-52498), मराठा लाइट इन्फैंट्री।
32. कैप्टन सुनील श्योराण (आई सी-51474), पैरा।

33. कैप्टन रोहित सिंघल (आई सी-47395), मराठा लाइट इन्फैंट्री ।

34. कैप्टन सिरोही रघुविन्दर सिंह (आई सी-48765), राजपूताना राइफल्स ।

35. कैप्टन अनिल कुमार पुनिया (आई सी-52049), गोरखा राइफल्स ।

36. लेफ्टिनेंट आलोक जैन (आई सी-54279), विद्युत एवं यांत्रिक इंजीनियर्स ।

37. लेफ्टिनेंट मोहम्मद सुहेल खान (एस एस-36216), ई एम ई ।

38. सेकेंड लेफ्टिनेंट विनोद कुमार (आई सी-52667), इंजीनियर्स ।

39. सेकेंड लेफ्टिनेंट सतिन्दर पाल सिंह संधु (टी ए-42228) प्रादेशिक सेना ।

40. सेकेंड लेफ्टिनेंट पुनीत कौशल (आई सी-52738) मराठा लाइट इन्फैंट्री ।

41. सेकेंड लेफ्टिनेंट सिसिर कुमार छेत्री (एस एस-35821), गोरखा राइफल्स (मरणोपरांत) ।

42. जे सी-151723 सूबेदार परधान सिंह, सिख लाइट इन्फैंट्री ।

43. जे सी-163723 सूबेदार किशोर रत्ना मणि राय, गोरखा राइफल्स ।

44. जे सी-164966 सूबेदार मोहिन्दर सिंह सुंड, राजपूत ।

45. जे सी-205302 सूबेदार जगदीश लाल, जम्मू तथा कश्मीर राइफल्स ।

46. जे सी-412166 नायब सूबेदार अपुलापल्ली मोहम्मद, पैरा ।

47. जे सी-418208 नायब सूबेदार दल बहादुर गुरूंग, मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री ।

48. जे सी-2000610 नायब सूबेदार साहिब सिंह, असम राइफल्स (मरणोपरांत) ।

49. जे सी-2300125 नायब सूबेदार केशर सिंह रावत, असम राइफल्स ।

50. जे सी-607009 नायब सूबेदार टेका बहादुर थापा, गोरखा राइफल्स ।

51. जे सी-629107 नायब सूबेदार रामेश्वर छेत्री, गोरखा राइफल्स (मरणोपरान्त)

52. जे सी-2670610 हवलदार धरमवीर सिंह, ग्रेनेडियर्स

53. 4458008 हवलदार गुरमुख सिंह, सिख लाइट इन्फैंट्री ।

54. 13739913 हवलदार शिव कुमार, जम्मू तथा कश्मीर राइफल्स ।

55. 13679161 हवलदार भूपाल सिंह, गार्ड्स ।

56. 2672365 हवलदार राजेन्द्र सिंह, ग्रेनेडियर्स ।

57. 14462336 हवलदार ए गोविन्द राव, आर्टिलरी (मरणोपरान्त) ।

58. 2672587 हवलदार शंकर सिंह शेखावत, ग्रेनेडियर्स ।

59. 2673053 हवलदार के. एस. के. दरयाव सिंह, ग्रेनेडियर्स ।

60. 2766783 हवलदार गणपति भाऊ जाधव, मराठा लाइट इन्फैंट्री (मरणोपरान्त) ।

61. 4351913 हवलदार भाशांत लम्कांश, असम रेजिमेन्ट ।

62. 2674348 नायक महेश सिंह भदौरिया, ग्रेनेडियर्स ।

63. 2675487 नायक राम पाल, ग्रेनेडियर्स ।

64. 4259415 नायक बुधवा टोप्पो, बिहार ।

65. 2779641 नायक मस्के विनायक कृष्णाजी, मराठा लाइट इन्फैंट्री ।

66. 2981991 नायक राम पाल सिंह, महार (मरणोपरान्त) ।

67. 2586720 नायक विनायन आर. मद्रास, (मरणोपरान्त) ।

68. 2476645 नायक रणजीत सिंह, पैरा ।

69. 2879395 लांस नायक राजू सिंह, राजपूताना राइफल्स (मरणोपरान्त) ।

70. 3175782 लांस नायक रिषीपाल, जाट (मरणोपरान्त) ।

71. 3177263 लांस नायक सुरेन्द्रा सिंह, जाट (मरणोपरान्त) ।

72. 3176185 लांस नायक बंसीधर यादव, जाट (मरणोपरान्त) ।

73. 13616415 लांस नायक राजन सिंह मेहरा पैरा ।

74. 3185765 सिपाही विनोद कुमार, जाट (मरणोपरान्त) ।

75. 4559707 सिपाही गायकवाड़ श्यामराव भीमराव, महार (मरणोपरान्त) ।

76. 3390834 सिपाही गुरलेक सिंह, सिख रेजिमेन्ट (मरणोपरान्त) ।

77. 987056 सिपाही बीरबल राम, राजपूत ।

78. 3182844 सिपाही योधवीर सिंह, इन्फेन्ट्री ।

79. 6482341 सिपाही सुरेना सिंह, सेना कोर, (एटी)

80. 4181617 सिपाही शिव राज सिंह, कुमाऊं (मरणोपरान्त) ।

81. 2592279 सिपाही ए फ्रांसिस सुरेश कुमार, मद्रास (मरणोपरान्त) ।

82. 2791873 सिपाही पाटिल सुभाष पुंडलिक, मराठा लाइट इन्फैंट्री (मरणोपरान्त) ।

83. 3185381 सिपाही धर्मवीर सिंह, जाट ।

84. 4356122 सिपाही पावा सिंह कनवर, असम रेजिमेन्ट ।

85. 5451543 राइफलमैन परवेश वाले, गोरखा राइफल्स

86. 4066786 राइफलमैन हुकुम सिंह, इन्फेन्ट्री (मरणोपरान्त) ।

87. 2002974 राइफलमैन यशपाल सिंह, असम राइफल्स (मरणोपरान्त) ।

88. 9418248 राफलमैन इन्द्र कुमार राय, गोरखा राइफल्स (मरणोपरान्त) ।

89. 9420530 राइफलमैन उमेश राय, गोरखा राइफल्स (मरणोपरान्त) ।

90. 9087652 राइफलमैन अब्दुल रहमान, जम्मू तथा कश्मीर लाइट इन्फैंट्री (मरणोपरान्त) ।

91. 13619691 पैराट्रूपर असित सुब्बा, पैरा ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं. 22-प्रेज/97—राष्ट्रपति, निम्नलिखित कार्मिकों को उनकी असाधारण कर्त्तव्यपरायणता अथवा साहस के लिए "वायुसेना मेडल/एयर फोर्स मेडल" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. ग्रुप कैप्टन शंकर मणी, वि से मे, (13596) फ्लाइंग (पायलट) ।

2. विंग कमांडर राकेश कुमार चौली (14083) फ्लाइंग (पायलट) ।

3. विंग कमांडर रवी कान्त शर्मा (14088) फ्लाइंग (पायलट) ।

4. विंग कमांडर मुथुमणिकम माथेस्वरन् (14104) फ्लाइंग (पायलट) ।

5. विंग कमांडर राहुल भर, वी.च. (14561) फ्लाइंग (पायलट) ।

6 विंग कमांडर [illegible] सिंह (14676), फ्लाइंग (पायलट) ।

7. विंग कमांडर अरूण पुरुषोत्तम गरुड़ (14692) फ्लाइंग (पायलट) ।

8. विंग कमांडर चोखना प्रसाद रेड्डी (15006) फ्लाइंग (पायलट) ।

9. विंग कमांडर कुलदीप सिंह भारद्वाज (15207) फ्लाइंग (पायलट)

10. विंग कमांडर जानकीराम बालासुब्रमणियन, वा. च. (15558) फ्लाइंग (पायलट) ।

11. स्क्वाड्रन लीडर रोहित शर्मा (16029) फ्लाइंग (पायलट) ।

12. स्क्वाड्रन लीडर प्रभामोहन मोहनदास वालिगा (16-817) फ्लाइंग (पायलट) ।

13. स्क्वाड्रन लीडर संजय थापर (13871) लेखा/पैरा जंपिंग इंस्ट्रक्टर ।

14. स्क्वाड्रन लीडर राजीव शर्मा (17004) फ्लाइंग (पायलट) ।

15. फ्लाइट लैफ्टिनेन्ट समीर जय पॅडसे (20495) फ्लाइंग (पायलट) ।

16. फ्लाइट लैफ्टिनेन्ट सुनिल कुमार कश्यप (20991) फ्लाइंग (पायलट) ।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं. 23-प्रेज/97—राष्ट्रपति, निम्नलिखित कार्मिकों को उनकी असाधारण कर्त्तव्यपरायणता अथवा साहस के लिए "नौसेना मेडल/नेवी मेडल" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. कैप्टन राजीव डमढेरे (01397-जेड) ।

2. कमांडर रोहित कौशिक (01832-एन) ।

3. कमांडर अनूप कुमार दिक्षित (02180-आर) ।

4. कमांडर विविकरा राव सिम्हाचलम पडाला (40771-के) ।

5. कमांडर (एस डी डब्ल्यू) रणजीत सिंह बन्याल (89043-डब्ल्यू) ।

6. कार्यवाहक कमांडर अरूण कुमार सिन्हा (02338-एन) ।

7. लैफ्टिनेंट कमांडर विनीत कुमार शुक्ला (02984-एफ) ।

8. लेफ्टिनेन्ट कमांडर प्रदीप कुमार राजाराम (50685-टी)।

9. लेफ्टिनेन्ट संजय श्रीकान्त चिटनिस (03258-पी)।

10. लेफ्टिनेन्ट साइमन मथाई (03603-एन)।

11. उदयराज रविचन्द्रन, एम सी ई आर ए-2 (185095-वाई)।

12. कुलदीप सिंह कटोच, एल एस (क्यू ए) 1 (ए सी डी) (113785-बी)।

गिरीश प्रधान
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

लोक सभा सचिवालय

नई दिल्ली-110001, दिनांक 27 फरवरी, 1997

सं० 4/1/3/सी०ओ०डी०/96—श्री भानु प्रकाश मिर्धा को 26 फरवरी, 1997 से वर्ष 1996-97 के लिए विभागों से संबद्ध रक्षा सम्बन्धी स्थायी समिति का सदस्य नामनिर्दिष्ट किया गया है।

बी० एन० गौड़,
निदेशक

कृषि मंत्रालय

(कृषि एवं सहकारिता विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 20 फरवरी, 1997

संकल्प

सं० आर-11014/8/94-सी० पी० सी०—इस विभाग के दिनांक 20 मार्च, 1996 के समसंख्यक संकल्प के क्रम में केन्द्रीय सहकारिता परिषद के लिए निम्नलिखित सदस्यों को नामित किया जाता है :—

(क) संसद सदस्य

1. श्री के० पी० सिंह देव, संसद सदस्य (लोक सभा)। — सदस्य

2. श्री एन० डेनिस, संसद सदस्य (लोक सभा)। — सदस्य

3. डा० अशोक मित्रा, संसद सदस्य (राज्य सभा) — सदस्य

(ख) गैर-सरकारी

(1) श्री कुलवन्त राय वर्मा, सुपुत्र श्री मन्नू राम वर्मा, गांव 59 आर०बी०, कुम्हार वाले, डाक, मंगवाले, (56 आर० बी०), जिला, श्रीगंगानगर, राजस्थान। — सदस्य

(2) श्री सत्येन्द्र नारायण सिंह, उपाध्यक्ष, आरा-बक्सर, केन्द्रीय सहकारी बैंक, आरा, जिला—भोजपुर, बिहार। — सदस्य

(3) डा० उग्र मोहन झा, प्रोफेसर और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विभागाध्यक्ष, भागलपुर विश्वविद्यालय और निदेशक, कृषि आर्थिक अनुसंधान केन्द्र, भागलपुर। — सदस्य

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प की मूल प्रति सहित इसकी प्रतिलिपि सभी सम्बन्धितों को भेजी जाए।

आदेश किया जाता है कि सामान्य जानकारी के लिए संकल्प को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

मोहन कान्दा
संयुक्त सचिव

मानव संसाधन विकास मंत्रालय
(शिक्षा विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 11 फरवरी, 1997

संकल्प

सं० एफ० 6-4/94-यू० 3—जबकि भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला की नियमावली तथा विनियमों के नियम 3 के अनुसरण में भारत सरकार ने दिनांक 4 जुलाई, 1995 के संकल्प संख्या एफ० 6-4/94-यू०-3 के द्वारा भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान सोसायटी का पुनर्गठन किया था।

अब केन्द्रीय सरकार दिनांक 4 जुलाई, 1995 के सरकारी संकल्प संख्या एफ 6-4/94-यू-3 में निम्नलिखित संशोधन करती है :

उक्त संकल्प में 3(ख) (i) में "केन्द्रीय सरकार द्वारा मनोनीत भारतीय विश्वविद्यालयों के छः कुलपति" के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाये :

3(ख) (i) (2) प्रो० एस० गोपाल,
कुलपति मैंगलौर विश्वविद्यालय
मैंगलौर—574199.

3(ख) (i) (5) प्रो० एम० वाई० कादरी,
कुलपति,
काश्मीर विश्वविद्यालय
हजरतबल, श्रीनगर—190006.

नवेद मसूद,
संयुक्त सचिव

श्रम मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 फरवरी, 1997

सं० क्यू—16012/2/89—ई० एस० ए० (डब्ल्यू० ई०)— जबकि दिनांक 28 नवम्बर, 1994 की श्रम मंत्रालय की अधिसूचना संख्या क्यू०—16012/2/89— ई० एस० ए० (डब्ल्यू० ई०) के तहत पुनर्गठित केन्द्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड का संघटन आम जनता की सूचनार्थ अधिसूचित किया गया था। केन्द्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड के नियमों और विनियमों के नियम 3(i) के अनुसरण से, भारत सरकार श्री सनत मेहता के स्थान पर डा० एंटनी राज एस० जे० को केन्द्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त करती है और निम्नलिखित परिवर्तन अधिसूचित किए जाते हैं :—

विद्यमान प्रविष्टि अर्थात् :

1. श्री सनत मेहता,
अध्यक्ष,
केन्द्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड,
श्रम साधना रावपुरा, बड़ोदरा,
(गुजरात)।

के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टि प्रतिस्थापित की जाएगी अर्थात् :

1. डा० एंटनी राज एस० जे०,
अध्यक्ष,
केन्द्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड,
कस्तूरी III ए० एम०, पी० टी० सी० पोस्ट,
पेरुगुडी, मदुरै—625022,
तमिलनाडु।

गोपाल सिंह,
अवर सचिव

3—491GI/96

रोजगार एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय

नई दिल्ली, दिनांक 31 जनवरी, 1997

सं० डी० जी० ई० टी०—19(1)/96—सी० डी०—भारत के राजपत्र भाग—I, खण्ड—1 में प्रकाशित दिनांक 21/24 अगस्त, 1956 के संकल्प सं० टी० आर०/ई० पी०—24/56 में आंशिक संशोधन करके दिनांक 19 अक्तूबर, 1996 के संकल्प संख्या डी० जी० ई० टी०—19(1)/96—सी० डी० श्रम मंत्रालय (रोजगार एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय) भारत सरकार के पैरा 5 के उप-पैरा (ई०) से (के) के अनुसरण में तथा श्रम मंत्रालय (रोजगार एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय), भारत सरकार के दिनांक 16 अप्रैल, 1993 की अधिसूचना सं० डी० जी० ई० टी०—19(21)/92—सी० डी० के अधिक्रमण में निम्नलिखित व्यक्तियों को विभिन्न संगठन, निकायों इत्यादि का प्रतिनिधित्व करने के लिए सम्बद्ध प्राधिकारियों के परामर्श से 16 अक्तूबर, 1996 से तीन वर्ष की अवधि के लिए राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद हेतु नामित किया गया है।

क्रम सं०	सदस्य का नाम	जिस संगठन का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।
1	2	3
(क) नियोक्ता संगठनों के प्रतिनिधि		
1.	श्री पी० के० वर्मा	भारतीय नियोक्ता संघ।
2.	डा० पी० एन० भगवती	भारतीय उद्योग महासंघ (सी० आई० आई०)।
3.	डा० सुश्री एन० हंम्सा	अखिल भारतीय नियोक्ता संगठन (ए० आई० ओ० ई०)।
(ख) कामगार संगठन के प्रतिनिधि		
4.	श्री आर० ए० मित्तल	हिंद मजदूर सभा (एच० एम० एस०)।
5.	श्री गोकुलानंद जीवा	भारतीय मजदूर संघ (बी० एम० एस०)।
6.	श्री डी० के० सिंह	भारतीय राष्ट्रीय व्यापार यूनियन कांग्रेस (आई० एन० टी० यू० सी०)।
(ग) विशेष निकायों के प्रतिनिधि		
7.	श्री के० एस० मादेश्वरी	दिल्ली उत्पादकता परिषद (डी० पी० सी०)।
8.	श्री जे० एस० नैन	अनुप्रयुक्त जनशक्ति अनुसंधान संस्थान (आई० ए० एम० आर०)।

1	2	3
9.	श्री ए० पी० शर्मा	राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एन० सी० ई० आर० टी०)
10.	श्री डी० के० शर्मा	अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (ए० आई० सी० टी० ई०)।
(घ) विशेषज्ञ		
11.	श्री एस० पी० सोमन	स्किलटेक एजुकेशनल इंस्टीट्यूट–कोची।
(ङ) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के प्रतिनिधि		
12.	श्री आर० ए० सीताराम	अनुसूचित जाति।
13.	श्री ए० सिंह लिंट	अनुसूचित जनजाति।
(च) अखिल भारतीय महिला संगठन के प्रतिनिधि		
14.	डा० श्रीमती उमा तुली	राष्ट्रीय महिला आयोग।

कृष्णा शर्मा,
अवर सचिव

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

नियम

नई दिल्ली, दिनांक 15 मार्च 1997

सं० फा० 11013/2/97-आई० ई० एस०—भारतीय सांख्यिकी सेवा में ग्रेड–4 की रिक्तियों को भरने के लिए 1997 में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा ली जाने वाली प्रतियोगिता परीक्षा के नियम आम जानकारी के लिए प्रकाशित किए जाते हैं।

2. परीक्षा परिणामों के आधार पर भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या आयोग द्वारा जारी किए गए नोटिस मे बताई जाएगी। अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ी श्रेणियों के उम्मीदवारों के लिए रिक्तियों का आरक्षण भारत सरकार द्वारा यथा निर्धारित रूप में किया जाएगा।

3. संघ लोक सेवा आयोग द्वारा यह परीक्षा इन नियमों के परिशिष्ट-1 में निर्धारित ढंग से ली जाएगी।

परीक्षा की तारीख और स्थान आयोग द्वारा निर्धारित किए जाएंगे।

4. उम्मीदवार को या तो :—

(क) भारत का नागरिक होना चाहिए, या

(ख) नेपाल की प्रजा, या

(ग) भूटान की प्रजा, या

(घ) ऐसा तिब्बती शरणार्थी जो भारत में स्थायी रूप से रहने की इच्छा से पहली जनवरी, 1962 से पहले भारत आ गया हो, या

(ङ) कोई भारतीय मूल का व्यक्ति जो भारत में स्थायी रूप से रहने की इच्छा से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका, पूर्वी अफ्रीकी देशों कीनिया, उगांडा, संयुक्त गणराज्य तंजानिया, जांबिया, मालावी, जेरे तथा इथोपिया और वियतनाम से प्रव्रजन कर आया हो।

परन्तु उपरोक्त (ख), (ग), (घ) और (ङ) वर्गों के अन्तर्गत आने वाले उम्मीदवार के पास भारत सरकार द्वारा जारी किया गया पात्रता (एलिजीबिलिटी) प्रमाण-पत्र होना चाहिए।

जिस उम्मीदवार के मामले में पात्रता प्रमाण-पत्र आवश्यक हो उसे परीक्षा में प्रवेश दिया जा सकता है, किन्तु भारत सरकार द्वारा उसके संबंध में पात्रता प्रमाण-पत्र जारी कर दिए जाने के बाद ही उसको नियुक्ति प्रस्ताव भेजा जा सकता है।

5. (क) उम्मीदवार के लिए आवश्यक है कि उसकी आयु 1 जनवरी, 1997 को 21 वर्ष की होनी चाहिए किन्तु 28 वर्ष की नहीं होनी चाहिए, अर्थात् उसका जन्म 2 जनवरी, 1969 से पहले और 1 जनवरी, 1976 के बाद का न हो।

(ख) ऊपर बताई गई अधिकतम आयु सीमा में निम्नलिखित मामलों में छूट दी जाएगी :—

(1) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का हो तो अधिक से अधिक 5 वर्ष तक।

(2) किसी दूसरे देश के साथ संघर्ष में या किसी अशान्तिग्रस्त क्षेत्र में फौजी कार्यवाही के दौरान विकलांग होने के फलस्वरूप सेवा से निर्मुक्त किए गए रक्षा कार्मिकों को अधिक से अधिक तीन वर्ष तक।

(3) किसी दूसरे देश के साथ संघर्ष में या किसी अशान्तिग्रस्त क्षेत्र में फौजी कार्यवाही के दौरान विकलांग होने के फलस्वरूप सेवा से निर्मुक्त किए गए ऐसे रक्षा कार्मिकों के लिए जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के हों, तो अधिक से अधिक आठ वर्ष तक।

(4) जिन भूतपूर्व सैनिकों (कमीशन प्राप्त अधिकारियों तथा आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों/अल्पकालिक सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों सहित) ने 1 जनवरी, 1997 को कम से कम 5 वर्ष की सैनिक सेवा की है और जो (1) कदाचार या अक्षमता के आधार पर बर्खास्त न होकर अन्य कारणों से कार्यकाल के समाप्त होने पर कार्यमुक्त

हुए हैं (इनमें वे भी सम्मिलित हैं जिनका कार्यकाल 1 जनवरी, 1997 से एक वर्ष के अन्दर पूरा होना है) या (2) सैनिक सेवा से हुई शारीरिक अपंगता या (3) अशक्तता के कारण कार्यमुक्त हुए हैं, उनके मामले में अधिक से अधिक 5 वर्ष तक।

(5) जिन भूतपूर्व सैनिकों (कमीशनप्राप्त अधिकारियों तथा आपातकालीन कमीशनप्राप्त अधिकारियों/अल्पकालिक सेवा कमीशनप्राप्त अधिकारियों सहित) ने 1 जनवरी, 1997 को कम से कम 5 वर्ष की सैनिक सेवा की है और जो (1) कदाचार या अक्षमता के आधार पर, बर्खास्त न हो कर अन्य कारणों से कार्यकाल के समाप्त होने पर कार्यमुक्त हुए हैं (इनमें वे भी सम्मिलित हैं जिनका कार्यकाल 1 जनवरी, 1997 से एक वर्ष के अंदर पूरा होना है) या (2) सैनिक सेवा से हुई शारीरिक अपंगता या (3) अशक्तता के कारण कार्यमुक्त हुए हैं तथा जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के हैं, उनके मामले में अधिक से अधिक दस वर्ष तक।

(6) आपतकालीन कमीशनप्राप्त अधिकारियों अल्पकालीन सेवा कमीशनप्राप्त अधिकारियों के उन मामलों में जिन्होंने 1 जनवरी, 1997 को सैनिक सेवा के 5 वर्ष की प्रारम्भिक अवधि पूरी कर ली है और जिनका कार्यकाल 5 वर्ष से आगे भी बढ़ाया गया है तथा जिनके मामले में रक्षा मंत्रालय एक प्रमाण-पत्र जारी करता है कि वे सिविल रोजगार के लिए आवेदन कर सकते हैं और चयन होने पर नियुक्ति प्रस्ताव प्राप्त करने की तारीख से तीन माह के नोटिस पर उन्हें कार्यभार से मुक्त किया जाएगा, अधिकतम 5 वर्ष तक।

(7) अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति के ऐसे आपातकालीन कमीशनप्राप्त अधिकारियों अल्पकालीन सेवा कमीशनप्राप्त प्राप्त अधिकारियों के उन मामलों में जिन्होंने 1 जनवरी, 1997 को सैनिक सेवा के 5 वर्ष की प्रारंभिक अवधि पूरी कर ली है और जिनका कार्यकाल 5 वर्ष से आगे भी बढ़ाया गया है तथा जिनके मामले में रक्षा मंत्रालय एक प्रमाण-पत्र जारी करता है कि वे सिविल रोजगार के लिए आवेदन कर सकते हैं और चयन होने पर नियुक्ति प्रस्ताव प्राप्त करने की तारीख से तीन माह के नोटिस पर उन्हें कार्यभार से मुक्त किया जाएगा, अधिकतम 10 वर्ष तक।

(8) अन्य पिछड़ी श्रेणियों के उम्मीदवारों के मामले में जो ऐसे उम्मीदवारों पर लागू होने वाले आरक्षण प्राप्त करने के पात्र हैं, अधिकतम तीन वर्ष तक।

टिप्पणी 1: भूतपूर्व सैनिक शब्द उन व्यक्तियों पर लागू होगा जिन्हें समय-समय पर यथासंशोधित भूतपूर्व सैनिक, (सिविल सेवा तथा पदों में पुनर्रोजगार) नियम, 1979 के अधीन भूतपूर्व सैनिक के रूप में परिभाषित किया गया है।

टिप्पणी 2: नियम 5 (ख) (2) से 5(ख) (8) के अन्तर्गत आने वाले वे उम्मीदवार जो अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति से सम्बद्ध नहीं हैं यदि उन्होंने आयु छूट प्राप्त करने के बाद सिविल क्षेत्र में कोई सरकारी नौकरी पहले से ही ले ली है, तो वे आयु सीमा में छूट के लिए पात्र नहीं हैं।

यद्यपि उन भूतपूर्व सैनिकों जिन्होंने केन्द्र सरकार के किसी सिविल पद में नियमित रूप से पहले ही रोजगार प्राप्त कर लिया है, को सरकार के किसी अन्य उच्चतर पद अथवा सेवा में रोजगार प्राप्त करने के लिए भूतपूर्व सैनिकों को मिलने वाली आयु में छूट का लाभ उठाने की अनुमति प्राप्त है।

टिप्पणी 3: अन्य पिछड़े वर्गों से सम्बन्धित वे उम्मीदवार, जो उपर्युक्त पैरा 5(ख) के किन्हीं अन्य खंडों अर्थात् जो भूतपूर्व सैनिकों आदि की श्रेणी के अन्तर्गत आते हैं, दोनों श्रेणियों के अन्तर्गत दी जाने वाली संचयी आयु सीमा-छूट प्राप्त करने के पात्र होंगे।

उपर्युक्त व्यवस्था को छोड़कर निर्धारित आयु सीमा में किसी भी स्थिति में छूट नहीं दी जायेगी।

6. परीक्षा में प्रवेश हेतु भारतीय सांख्यिकी सेवा के लिए उम्मीदवार के पास भारत के केन्द्र या राज्य विधान मंडल के अधिनियम द्वारा नियमित किसी विश्वविद्यालय की या संसद के अधिनियम, द्वारा स्थापित या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 3 के अधीन विश्वविद्यालय के रूप में मान्य किसी अन्य शिक्षा संस्थाओं की सांख्यिकी या गणित या अर्थशास्त्र सहित डिग्री अथवा उसके समकक्ष योग्यता होनी चाहिए।

टिप्पणी 1: यदि कोई उम्मीदवार ऐसी परीक्षा में बैठ चुका हो जिसे उत्तीर्ण कर लेने पर वह शैक्षिक दृष्टि से इस परीक्षा में बैठने का पात्र हो जाता है, पर अभी उस परीक्षा के परिणाम की सूचना न मिली हो तो वह इस परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए आवेदन कर सकता है। जो उम्मीदवार इस प्रकार की अर्हक परीक्षा में बैठना चाहता हो वह भी आवेदन कर सकता है। ऐसे उम्मीदवारों को, यदि अन्यथा पात्र होंगे तो, परीक्षा में बैठने

दिया जाएगा। परन्तु परीक्षा में बैठने की यह अनुमति अनन्तिम मानी जाएगी और अर्हक परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण प्रस्तुत न करने की स्थिति में उनका प्रवेश रद्द कर दिया जाएगा। उक्त प्रमाण विस्तृत आवेदन पत्र के, जो उक्त परीक्षा के लिखित भाग के परिणाम के आधार पर अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों द्वारा आयोग को प्रस्तुत करने पड़ेंगे, साथ प्रस्तुत करना होगा।

टिप्पणी 2: विशेष परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग ऐसे किसी उम्मीदवार को भी परीक्षा में प्रवेश पाने का पात्र मान सकता है जिसके पास उपर्युक्त अर्हताओं में से कोई अर्हता न हो बशर्ते कि उम्मीदवार ने किसी संस्था द्वारा ली गई कोई ऐसी परीक्षा पास कर ली हो जिसका स्तर आयोग के मतानुसार ऐसा हो कि उसके आधार पर उम्मीदवार को उक्त परीक्षा में बैठने दिया जा सकता है।

टिप्पणी 3: जिस उम्मीदवार ने अन्यथा अर्हता प्राप्त कर ली किन्तु उसके पास विदेशी विश्वविद्यालय की ऐसी डिग्री है जो सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं है वह भी आयोग को आवेदन कर सकता है और उसे आयोग की विवक्षा पर परीक्षा में प्रवेश दिया जा सकता है।

7. उम्मीदवारों को आयोग के नोटिस में निर्धारित फीस अवश्य देनी होगी।

8. सभी उम्मीदवार जो सरकारी नौकरी में आकस्मिक या दैनिक दर कर्मचारी से इतर स्थायी या अस्थायी हैसियत से या कार्य-प्रभारित कर्मचारियों की हैसियत से काम कर रहे हैं अथवा जो सरकारी उद्यमों में कार्यरत हैं उन्हें यह परिवचन (अंडरटेकिंग) प्रस्तुत करना होगा कि उन्होंने लिखित रूप से अपने कार्यालय/विभाग के अध्यक्ष को सूचित कर दिया है कि उन्होंने इस परीक्षा के लिए आवेदन किया है।

उम्मीदवारों को ध्यान रखना चाहिए कि यदि आयोग को उनके नियोक्ता से उनके उक्त परीक्षा के लिए आवेदन करने/परीक्षा में बैठने से संबद्ध अनुमति रोकते हुए कोई पत्र मिलता है तो उनका आवेदन पत्र अस्वीकृत कर दिया जाएगा/उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

9. किसी उम्मीदवार का आवेदन स्वीकार करने और परीक्षा में प्रवेश के लिए उसकी योग्यता या अयोग्यता के संबंध में आयोग का निर्णय अन्तिम होगा।

परीक्षा में आवेदन करने वाले उम्मीदवार यह सुनिश्चित कर लें कि वे परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए पात्रता की सभी शर्तें पूरी करते हैं। परीक्षा के उन सभी स्तरों, जिनके लिए आयोग में उन्हें प्रवेश दिया है अर्थात् लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार परीक्षण, में उनका प्रवेश पूर्णतः अनंतिम होगा तथा उनके निर्धारित पात्रता की शर्तों को पूरा करने पर आधारित होगा। यदि लिखित परीक्षा, तथा साक्षात्कार परीक्षण के पहले या बाद में सत्यापन करने पर यह पता चलता है कि वे पात्रता की किन्हीं शर्तों को पूरा नहीं करते हैं तो आयोग द्वारा परीक्षा के लिए उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

10. किसी उम्मीदवार को परीक्षा में तब तक नहीं बैठने दिया जाएगा जब तक उसके पास आयोग का प्रवेश प्रमाण-पत्र (सर्टिफिकेट आफ एडमीशन) न हो।

11. जिस उम्मीदवार ने—

(1) किसी भी प्रकार से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त किया हो, अथवा

(2) नाम बदल कर परीक्षा दी है, अथवा

(3) किसी अन्य व्यक्ति से छद्म रूप में कार्य साधन कराया है, अथवा

(4) जाली प्रलेख या ऐसे प्रलेख में किए हैं जिनमें तथ्यों में फेरबदल किया गया हो, अथवा

(5) गलत या झूठे वक्तव्य दिए हैं या किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छुपाया हो, अथवा

(6) परीक्षा में उम्मीदवारी के संबंध में किन्हीं अन्य अनियमित, अथवा अनुचित उपायों का सहारा लिया है, अथवा

(7) परीक्षा के समय अनुचित साधनों का प्रयोग किया हो, अथवा

(8) उत्तर-पुस्तिकाओं में असंगत बातें लिखी हों, जो अश्लील भाषा में या अभद्र आशय की हों, अथवा

(9) परीक्षा भवन में और किसी प्रकार का दुर्व्यवहार किया हो, अथवा

(10) परीक्षा चलाने के लिए आयोग द्वारा नियुक्त कर्मचारियों को परेशान किया हो या अन्य प्रकार की शारीरिक क्षति पहुंचाई हो, अथवा

(11) उम्मीदवारों को भेजे गए परीक्षा की अनुमति विषयक प्रमाण-पत्रों के साथ जारी अनुदेशों का उल्लंघन किया हो, अथवा

(12) पूर्वोक्त खंडों में उल्लिखित सभी अथवा किसी भी कार्य को करने या करने के लिए अवप्रेरित करने का प्रयास किया हो, तो उस पर आपराधिक अभियोग (क्रिमिनल प्रोसीक्यूशन) चलाया जा सकता है और उसके साथ ही उसे—

(क) आयोग द्वारा उस परीक्षा में जिसका वह उम्मीदवार है बैठने के लिए अयोग्य ठहराया जा सकता है, अथवा

(ख) उसे स्थायी रूप अथवा एक विशेष अवधि के लिए—

(1) आयोग द्वारा ली जाने वाली किसी भी परीक्षा अथवा चयन से

(2) केन्द्रीय सरकार द्वारा अपने अधीन किसी भी नौकरी से
अपवर्जित किया जा सकता है, और

(ग) यदि वह सरकार के अधीन पहले से ही सेवा में है तो उसके विरुद्ध उपर्युक्त नियमों के अधीन अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है,

किन्तु शर्त यह है कि इस नियम के अधीन कोई शास्ति तब तक नहीं दी जाएगी जब तक :—

(1) उम्मीदवार को इस संबंध में लिखित अभ्यावेदन जो वह देना चाहे प्रस्तुत करने का अवसर न दिया गया हो; और

(2) उम्मीदवार द्वारा अनुमत समय में प्रस्तुत अभ्यावेदन पर, यदि कोई हो, विचार न कर लिया गया हो।

12. जो उम्मीदवार लिखित परीक्षा में उतने न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त कर लेगा जितने आयोग अपने निर्णय से निश्चित करे तो उसे आयोग व्यक्तित्व परीक्षण हेतु साक्षात्कार के लिए बुलाएगा।

किन्तु शर्त यह है कि यदि आयोग के मतानुसार अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जन जातियों या अन्य पिछड़ी श्रेणियों के उम्मीदवारों, इन जातियों के लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए सामान्य स्तर के आधार पर पर्याप्त संख्या में व्यक्तित्व परीक्षण हेतु साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाए जा सकेंगे तो आयोग द्वारा स्तर में ढील देकर अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवारों को व्यक्तित्व परीक्षण हेतु साक्षात्कार के लिए बुलाया जा सकता है।

13. (1) साक्षात्कार के बाद आयोग प्रत्येक उम्मीदवार द्वारा लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार में अंतिम रूप से प्राप्त कुल अंकों के आधार पर योग्यता क्रम से उम्मीदवारों की सूची बनाएगा और उसी क्रम से उन उम्मीदवारों में से जिन्हें आयोग योग्य समझेगा उनकी उन अनारक्षित रिक्तियों पर नियुक्ति के लिए अनुशंसा करेगा जिन्हें इस परीक्षा के परिणाम के आधार पर भरा जाना है।

(2) किसी भी अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ी श्रेणियों के उम्मीदवारों को, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ी श्रेणियों के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या तक स्तर में छूट देकर आयोग द्वारा उनकी अनुशंसा की जा सकती है बशर्ते कि ये उम्मीदवार सेवाओं में चयन के लिए उपयुक्त हों।

बशर्ते कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ी श्रेणियों के जिस उम्मीदवार की इस उप नियम [illegible] द्वारा अनुशंसा की हो, उन्हें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ी श्रेणियों के लिए आरक्षित रिक्तियों में समायोजित नहीं किया जाएगा।

14. प्रत्येक उम्मीदवार को परीक्षाफल की सूचना किस रूप में और किस प्रकार दी जाए, इसका निर्णय आयोग स्वयं करेगा तथा आयोग परीक्षाफल के बारे में किसी भी उम्मीदवार से पत्राचार नहीं करेगा।

15. परीक्षा में पास हो जाने से नियुक्ति का अधिकार तब तक नहीं मिलता जब तक कि सरकार आवश्यक जांच के बाद सन्तुष्ट न हो जाए कि उम्मीदवार चरित्र तथा पूर्ववृत की दृष्टि से इस सेवा में नियुक्ति के लिए हर प्रकार से योग्य है।

16. उम्मीदवार को मानसिक और शारीरिक दृष्टि से स्वस्थ होना चाहिए और उसमें कोई ऐसा शारीरिक दोष नहीं होना चाहिए जिससे वह संबंधित सेवा के अधिकारी के रूप में अपने कर्तव्य को कुशलतापूर्वक न निभा सके। यदि सरकार या नियुक्ति प्राधिकारी जैसी भी स्थिति हो, द्वारा निर्धारित डाक्टरी परीक्षा के दौरान किसी उम्मीदवार के बारे में यह पाया जाए कि वह इन अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर सकता तो नियुक्ति नहीं की जाएगी। व्यक्तित्व परीक्षण के लिए आयोग द्वारा बुलाए गए उम्मीदवारों की स्वास्थ्य परीक्षा कराई जा सकती है।

टिप्पणी :— कहीं निराश न होना पड़े इसलिए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र भेजने से पहले सिविल सर्जन के स्तर के किसी सरकारी चिकित्सा अधिकारी से अपनी जांच करवा लें। नियुक्ति से पहले उम्मीदवार की किस प्रकार की डाक्टरी जांच होगी और उसके स्वास्थ्य का स्तर किस प्रकार का होना चाहिए, उसके ब्यौरे इन नियमों के परिशिष्ट–3 में दिए गए हैं। रक्षा सेवाओं के भूतपूर्व विकलांग हुए तथा उसके फलस्वरूप निर्मुक्त हुए सैनिकों को सेवाओं की आवश्यकता के अनुरूप डाक्टरी जांच के स्तर में छूट दी जाएगी।

17. जिस व्यक्ति ने—

(क) ऐसे व्यक्ति से विवाह या विवाह का अनुबन्ध किया हो, जिसका पहले जीवित पति/पत्नी हो, या

(ख) जीवित पति/पत्नी के रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह या विवाह का अनुबंध किया है

तो वह उक्त सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं माना जाएगा।

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार इस बात से संतुष्ट हो जाए कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति तथा विवाह के दूसरे पक्ष पर लागू होने वाले वैयक्तिक कानून के अनुसार स्वीकार्य है और ऐसा करने के अन्य कारण भी हैं तो वह किसी भी व्यक्ति को इस नियम से छूट दे सकती है ।

18. इस परीक्षा के माध्यम से जिस सेवा के सम्बंध में भर्ती की जा रही है उसका संक्षिप्त विवरण परिशिष्ट-2 में दिया गया है ।

एस० नायक,
उप आर्थिक सलाहकार

परिशिष्ट—1

परीक्षा की योजना

खण्ड—1

यह परीक्षा निम्नलिखित योजना के अनुसार संचालित होगी ।

भाग 1—नीचे दिखाए गए विषयों में एक लिखित परीक्षा जिसके पूर्णांक 900 होंगे।

भाग 2—आयोग द्वारा जिस उम्मीदवार को बुलाया जाता है उनके लिए मौखिक परीक्षा जिसके पूर्णांक 250 होंगे।

भाग—1

भाग—1 के अन्तर्गत लिखित परीक्षा में सम्मिलित विषय, प्रत्येक विषय के प्रश्न-पत्र के लिए निर्धारित पूर्णांक और समय का विवरण इस प्रकार है :—

क्र० सं०	विषय	कोड सं०	अधिकतम अंक	दिया गया समय
	भारतीय सांख्यिकीय सेवा			
1.	सामान्य अंग्रेजी	01	150	3 घंटे
2.	सामान्य अध्ययन	02	150	3 घंटे
3.	सांख्यिकी-I	21	200	3 घंटे
4.	सांख्यिकी-II	22	200	3 घंटे
5.	सांख्यिकी-III	23	200	3 घंटे

नोट :—परीक्षा के लिए निर्धारित स्तर तथा पाठ्यक्रम का विवरण नीचे खण्ड-2 में दिए गए हैं ।

2. सभी विषयों के प्रश्न-पत्र परम्परागत (निबन्ध) प्रकार के होंगे ।

3. सभी प्रश्न-पत्रों के उत्तर, अंग्रेजी में लिखने चाहिए । प्रश्न-पत्र केवल अंग्रेजी में होंगे ।

4. उम्मीदवारों को प्रश्न-पत्र के उत्तर अपने हाथ से लिखने होंगे । उन्हें किसी भी हालत में उत्तर लिखने के लिए किसी अन्य व्यक्ति की सहायता लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी ।

5. आयोग अपने निर्णय से परीक्षा के किसी एक या सभी विषयों के अर्हक अंक निर्धारित कर सकता है ।

6. यदि किसी उम्मीदवार की लिखावट आसानी से पढ़ने लायक न हो तो उसको मिलने वाले कुल अंकों में से कुछ अंक काट लिए जाएंगे ।

7. केवल सतही ज्ञान के लिए कोई अंक नहीं दिए जाएंगे ।

8. कम से कम शब्दों में सुव्यवस्थित, प्रभावशाली और सही ढंग से की गई अभिव्यंजना को श्रेय दिया जाएगा ।

9. प्रश्न-पत्रों में जहां आवश्यक हो तोलों और मापों की केवल मीट्रिक प्रणाली से सम्बन्धित प्रश्न पूछे जाएंगे ।

10. उम्मीदवारों को बैटरी से चलने वाले पाकेट कैलकुलेटर परीक्षा भवन में लाने और उनका प्रयोग करने की अनुमति है । परीक्षा भवन में किसी से कैलकुलेटर मांगने या आपस में बदलने की अनुमति नहीं है ।

11. उम्मीदवारों को प्रश्न-पत्रों के उत्तर लिखते समय भारतीय अंकों के अंतर्राष्ट्रीय रूप (अर्थात् 1, 2, 3, 4, 5, 6, आदि) का ही प्रयोग करना चाहिए ।

भाग—2

मौखिक परीक्षा—उम्मीदवार का साक्षात्कार सुयोग्य और निष्पक्ष विद्वानों के बोर्ड द्वारा किया जाएगा जिनके सामने उम्मीदवार का सर्वांगीण जीवनवृत्त होगा । साक्षात्कार का उद्देश्य उक्त सेवा के लिए उम्मीदवार की उपयुक्तता जांचना होगा । साक्षात्कार उम्मीदवार की सामान्य तथा विशिष्ट ज्ञान के परीक्षण तथा क्षमता को जांचने के लिए लिखित परीक्षा के अनुपूरक के रूप में होगा । उम्मीदवारों से आशा की जाएगी कि वे केवल अपने विद्याध्ययन के विशेष विषयों में ही सूझ-बूझ के साथ रुचि न लेते हों, अपितु उन घटनाओं में भी रुचि लेते हों, जो उनके चारों ओर अपने राज्य या देश के भीतर और बाहर घट रही हैं तथा आधुनिक विचारधाराओं और उन नई खोजों में रुचि लें जिनके प्रति एक सुशिक्षित व्यक्ति में जिज्ञासा उत्पन्न होती हैं ।

साक्षात्कार महज जिरह की प्रक्रिया नहीं अपितु, स्वाभाविक निर्देशित और प्रयोजन युक्त वार्तालाप की प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य उम्मीदवारों के मानसिक गुणों और समस्याओं को समझने की शक्ति को अभिव्यक्त करना है। बोर्ड द्वारा उम्मीदवारों को मानसिक सतर्कता, आलोचनात्मक ग्रहणशक्ति, संतुलित निर्णय और मानसिक सतर्कता, सामाजिक संगठन की योग्यता, चारित्रिक ईमानदारी, नेतृत्व की पहल और क्षमता के मूल्यांकन पर विशेष बल दिया जाएगा।

खण्ड—2

परीक्षा का स्तर और पाठ्यक्रम

सामान्य अंग्रेजी और सामान्य अध्ययन के प्रश्न-पत्र किसी भारतीय विश्वविद्यालय के ग्रेजुएट से अपेक्षित स्तर के होंगे। अन्य विषयों के प्रश्न पत्र संबंधित विषयों में किसी भारतीय विश्वविद्यालय की मास्टर डिग्री परीक्षा के समकक्ष होंगे। उम्मीदवार से यह अपेक्षा की जाती है कि वे सिद्धांत को तथ्य के आधार पर स्पष्ट करें और सिद्धांत की सहायता से समस्याओं का विश्लेषण करें। सांख्यिकी के क्षेत्र (क्षेत्रों) में उनसे आशा की जाती है कि वे भारतीय समस्याओं के विशेष रूप से परिचित हों।

सामान्य अंग्रेजी (कोड सं० 01)

उम्मीदवारों को एक विषय पर अंग्रेजी में निबन्ध लिखना होगा। अन्य प्रश्न इस प्रकार से पूछे जाएंगे कि जिससे उसके अंग्रेजी भाषा के ज्ञान तथा शब्दों के कार्य साधक प्रयोग की जांच हो सके। संक्षेपण अथवा सारलेखन के लिए सामान्यतः गद्यांश दिए जाएंगे।

सामान्य अध्ययन (कोड सं० 02)

सामान्य ज्ञान जिसमें सामायिक घटनाओं का ज्ञान तथा दैनिक अनुभव की ऐसी बातों का वैज्ञानिक दृष्टि से ज्ञान भी सम्मिलित है जिसकी किसी शिक्षित व्यक्ति से आशा की जा सकती है जिसने किसी वैज्ञानिक विषय का विशेष अध्ययन न किया हो। इस प्रश्न-पत्र में देश की राजनीतिक प्रणाली सहित भारतीय राज्य व्यवस्था और भारत का संविधान, भारत के इतिहास और भूगोल के ऐसे प्रश्न भी होंगे जिसका उत्तर उम्मीदवारों को विशेष अध्ययन के बिना ही आना चाहिए।

सांख्यिकी—I (कोड सं० 21)

प्रायिकता (40 प्रतिशत प्रधानता) मान सिद्धांत के तत्व-प्रतिदर्श परिभाषाएं और स्वयं सिद्ध अभिगम—प्रतिदर्श अवकाश संकुल और संकलित प्रायिकता के नियम—घटनाओं की प्रायिकता—प्रतिबंधित प्रायिकता के नियम—घटनाओं की प्रायिकता—प्रतिबंधित प्रायिकता—बेयर्स का प्रमेय—असंयोगिता विचरण—विरल और अविरल—वितरण कार्य—मानक प्रायिकता वितरण—बरनौली, समरूप, द्विपदीय, पाइसन ज्यामितीय, आयत, घातीय सामान्य, काची, पराज्याह मित्तीय, बहुपदीय लाप्लेस, ऋणात्मक द्विपदीय, बीटा, गामा, लघुसामान्य तथा संकलित पाइसन वितरण—अभिसरण, वितरण में, प्रायिकता में और प्रायिकता एक के साथ और मध्य वर्ग में—आगर्नन और संचायक-गणितीय अपेक्षा और प्रतिबंध अपेक्षा-लक्षणात्मक फलन और आपूर्ण तथा प्रायिकता जनक फलन-विलोम विलक्षणता और मात सिद्धांत—टेकेबाइचेक और कोलमोगोराव असमानताएं—बहुसंख्या नियम और स्वयं वितरणों के लिए केन्द्रीय सीमा सिद्धांत।

सांख्यिकीय पद्धतियां (45 प्रतिशत प्रधानता)

तथ्यों का संग्रह संकलन और प्रस्तुतीकरण—चार्ट, डायाग्राम और हिस्टोग्राम—आवृत्ति वितरण—निर्देशन, विक्षेपण और विषमता का माप द्विचर और बहुचर तथ्य—साहचर्य और आसंग—वक्र समजन और लांबिक बहुपद—द्विचर वितरण—द्विचर सामान्य वितरण समाश्रयण रेखीय बहुपदीय—सहसंबंध गणांक का वितरण—आंशिक और बहुल सहसंबंध अंतर्गत सहसंबंध—सहसंबंध अनुपात।

मानक त्रुटियां और वृहत प्रतिदर्श—परीक्षण प्रतिदर्श वितरण

वर्ग और एफ—इन पर आधारित प्रमुखता परीक्षण—गैर-परामित्तीय परीक्षण—साइन, मीडियम, रन, विलकांकसन मनविटनी वाल्ड, बल्फोविडज आदि—वरीयताक्रम सांख्यिकी—अल्पतम, अधिकतम, रेंज और मीडियम।

आंकड़ों का विश्लेषण (15 प्रतिशत प्रधानता)

लांग रेंज, न्यूटन-ग्रेगरी न्यूटन (विभाजित अंतर), गास और स्लेटिंग पर प्रचलित अन्तर्वेशन सत्र (शेष संभावना सहित)—थनार मस्लारिन का—संकलन सत्र—विलोम अन्तर्वेसन—आंकड़ों का समाकलन और अवकलन—प्रथम गुणांक का विभेद समीकरण—स्थिर गुणकों के साथ एक धातीय विभेद समीकरण।

सांख्यिकी—II (कोड सं० 22)

एकाघातीय प्रतिमान (25 प्रतिशत प्रधानता)

एक घातीय आकलन का सिद्धांत—गास मार्कफ प्रतिष्ठान—कनिष्ठ वर्ग आकलन—बी—विलोम का प्रयोग—एक तरफा और दो तरफा वर्गीकृत तथ्य का विश्लेषण—निश्चित, मिश्रित और यादृच्छिक प्रभाव वाले प्रतिमान—समाश्रयण गुणकों के लिए परीक्षण।

आकलन (25 प्रतिशत प्रधानता)

अच्छे आकलन के लक्षण—अत्याधिक संभावना, कनिष्ठ भी वर्ग आपूर्ण और कनिष्ठ वर्गों की आकलन पद्धतियां—अत्यधिक संभावना आकलन—क्रेमर राव असमानता—भट्टाचार्य परिसीमाएं—पर्याप्त आकलन गुणन खण्ड प्रमेय—सम्पूर्ण आंकड़े—राव—ब्लैकावेल प्रमेय-विश्वास अंतकाल आकलन—इष्टतम विश्वास परिसीमाएं।

परिकल्पना परीक्षण (25 प्रतिशत प्रधानता)

सरल और जटिल परिकल्पना—दो प्रकार की त्रुटियां—क्रांतिक क्षेत्र—विभिन्न प्रकार के क्रांतिक क्षेत्र—धातु फलन अत्यन्त प्रभावशाली और समान रूप से अत्यन्त प्रभावशाली परीक्षण नेमन, परिसन आधार-भूत—अनभिनत परीक्षण—स्थालीप लाक परीक्षण—संभावना अनुपात परीक्षण—वाका

—OC—और ASN फलन—निर्णय के प्राथमिक तत्व और खेल सिद्धांत।

बहुचर विश्लेषण (25 प्रतिशत प्रधानता)

बहुचर सामान्य वितरण—मध्य प्रसारक का आकलन और सहकारिता व्यूह—हाटेलिंग का स्थतिक—महलनाबिस का

स्थतिक—बहुचर सामान्य जनसंख्या के प्रतिदर्श में आंशिक और बहुल सहसंबंध गुणांक—विशेष का वितरण उसका प्रति-रूपणात्मक और अन्य स्वभाव—विस्क का निष्कर्ष-विवेचनात्मक फलन—प्रमुख घटक—नियमानुसार विचर और सहसंबंध।

सांख्यिकी-III (कोड सं० 23)
भाग 'क' (सब के लिए अनिवार्य)

प्रतिदर्श विधियां (35 प्रतिशत प्रधानता)

जनगणना बनाम प्रतिदर्श सर्वेक्षण प्रारम्भिक और विस्तृत प्रतिदर्श सर्वेक्षण-प्रतिस्थापन के साथ या उसके बिना सरल यादृच्छिक प्रतिचयन और प्रतिदर्श आबंटन—लागत और विचरण फलन—आकलन की आनुपातिक और समाश्रयी पद्धतियां—आकार के समानुपात में प्रायिकता रहित प्रतिचयन—संकुल दुहरा बहुरूपी बहुस्तरीय और व्यवस्थित प्रतिचयन—अन्त प्रदेशी उप प्रतिचयन—प्रतिचयनेत्तर त्रुटियां।

अर्थ सांख्यिकी (25 प्रतिशत प्रधानता)

समय श्रेणी के घटक—उनके निर्धारण की विधियां—विचरण विभेद पद्धति—यल स्लस्की प्रभाव—सहसंबंध चित्र—प्रथम और द्वितीय क्रम के स्वयं समाश्रयी प्रतिदर्श—मनारेख चित्र का विश्लेषण—मूल्यों और परिणामों के सूचकांक और उनके सापेक्ष गुण—थोक और खुदरा मूल्यों के सूचकांक की रचना—आय वितरण—पेरिटों और इंगेल वक्र—एकाग्रता वक्र—राष्ट्रीय आय का आकलन करने की पद्धतियां—खंडांतर प्रवाह—अन्तर्राद्योगिक तालिका।

भाग—(ख)

उम्मीदवारों को निम्नलिखित विषयों में से किसी भी विषय पर प्रश्नों के उत्तर देने का विकल्प है।

(1) सांख्यिकीय गुण नियन्त्रण और परिचालन अनुसंधान (40 प्रतिशत प्रधानता)

विचारों और गुणों के लिए विभिन्न प्रकार के नियंत्रक चित्र—गुणों के द्वारा स्वीकृति प्रतिचयन—एकल द्वंद्व, बहुल और श्रृंखलामूलक प्रतिचयन योजनाएं—

OC और ASH —फलन— AOQ आर ATI की धारण—विचर के द्वारा स्वीकृति प्रतिचयन—डाड्ज रामिक और अन्य तालिकाओं का प्रयोग।

परिचालन अनुसंधान का अभिगम—रेखांगत कार्यापतन के प्राथमिक तत्व—सिप्लेक्स प्रतिक्रिया—परिवहन और नियोजन समस्याएं—इवधात्मकत का नियम—एकल और बहुल आवधिक सूची नियंत्रण के नमूने। विश्वलेषण रेखा प्रतिदर्श के लक्षण— M/M/I M/M/C नमूने आम नकली की समस्याएं—नष्ट या क्षीण होने वाले तथ्यों के प्रतिस्थापन के नमूने।

(2) जनांकिकी और जन्ममरण आंकड़े (40 प्रतिशत प्रधानता)

जीवन तालिका, उसका निर्माण और लक्षण—मेकहम और गामपटस वक्र—राष्ट्रीय जीवन तालिकाएं—राष्ट्र संघ की जीवन तालिकाओं के नमूने—संक्षिप्त जीवन तालिकाएं—स्थिर और स्थायी जनसंख्या—विभिन्न जन्म गतियां—कुल प्रजनन गतियां—कल और निवल उत्पादन गतियां—विभिन्न मरण गतियां—मानकीकृत मरणगति—आंतरिक और अन्तर्राष्ट्रीय प्रजनन—निवल प्रवृजन अन्तर्राष्ट्रीय और जनगणनोत्तर आकलन—वृद्धि, घाती वक्र सांजन सहित प्रक्षेपण विधियां—भारत में दशाब्दीय जनगणना।

(3) प्रयोग रूप कल्पना और विश्लेषण (40 प्रतिशत)

प्रयोग रूप कल्पना के निगम—पूर्ण रूप में यादृच्छिक बनाए गए यादृच्छिक खंड और रैटिन चौक अभिकल्पों का विन्यास और विश्लेषण—क्रमगणित प्रयोग और 22 और 33 प्रयोगों में संभस—खण्ड और उपखण्ड अभिकल्प—संतलित और अर्द्ध संतलित जरपर्ण वर्ग अभिकल्पों की रचना और विश्लेषण—सहकारिता का विश्लेषण—लाक्षिकेतर तथ्यों का विश्लेषण लुप्त और मिश्रित व्यूह के तथ्यों का विश्लेषण।

(4) अर्थनीति (40 प्रतिशत प्रधानता)

उपभोक्ता मांग का सिद्धांत और विश्लेषण—मांग फलन का विशिष्टीकरण और आकलन—मांग की लोच—संरचना

और नमूना—एकल समीकरण शैली में प्राचलों का आकलन—परम्परागत अल्पमत वर्ग, साधारणीकृत अल्पतम वर्ग-विप्रवेयता क्रमांगत सह-संबंध—बहुल सम रेखीयता—विचार प्रतिदर्श में त्रुटियां—समकालिक समीकरण प्रतिदर्शतदात्मकता, वरीयता क्रम और क्रमण परिस्थितियां—परीक्षा अल्पतम वर्ग और दो स्तरीय अल्पतम वर्ग—अल्पकालिक आर्थिक भविष्य कथन।

परिशिष्ट—2

इस परीक्षा के द्वारा जिस सेवा में भर्ती की जा रही है, उसका संक्षिप्त ब्यौरा :

1. जो उम्मीदवार सफल होंगे, उनकी नियुक्ति उस सेवा ग्रेड-4 में परिवीक्षा के आधार पर की जाएगी जिसकी अवधि दो वर्ष होगी और इस अवधि को बढ़ाया भी जा सकता है। सफल उम्मीदवारों की परिवीक्षा की अवधि में भारत सरकार के निर्णयानुसार निर्धारित प्रशिक्षण या पाठ्यक्रम और शिक्षण तथा परीक्षा पास करनी होगी।

2. यदि सरकार की राय में किसी परिवीक्षाधीन अधिकारी का कार्य या आचरण संतोषजनक न हो या उसे देखते हुए उसके कार्यकुशलता की संभावना न हो, तो सरकार उसे तत्काल सेवा मुक्त कर सकती है।

3. परिवीक्षा की अवधि या उसकी बढ़ाई हुई अवधि की समाप्ति पर यदि सरकार की राय में उम्मीदवार स्थायी नियुक्ति के लिए योग्य नहीं है तो सरकार उसे सेवा मुक्त कर सकती है।

4. यदि सरकार की राय में उम्मीदवार ने संतोषजनक रूप से अपनी परिवीक्षा अवधि समाप्त कर ली है, और यदि वह स्थायी नियुक्ति के लिए उपयुक्त समझा जाए तो उसे स्थायी पदों में मौलिक रिक्तियां उपलब्ध होने पर पक्का कर दिया जाएगा।

5. जिन सेवाओं के लिए भर्ती की जानी है उनके लिए निर्धारित वेतनमान निम्न प्रकार हैं :—

भारतीय सांख्यिकी सेवा :—

स्तर/पद	वेतनमान
उच्च प्रशासनिक ग्रेड	(7300–7600 रु०)
वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड	(5900–6700 रु०)
कनिष्ट प्रशासनिक ग्रेड	(3700–5000 रु०)
(4500–5700 रु० के वेतनमान में नान-फंक्शनल चयन ग्रेड सहित)	
वरिष्ठ समय वेतनमान	(3000–4500 रु०)
कनिष्ट समय वेतनमान	(2200–4000 रु०)

6. उक्त सेवा के अगले ग्रेड-4 में पदोन्नति समय-समय पर यथासंशोधित भारतीय सांख्यिकी सेवा नियमों के उपबन्धों के अनुसार की जाएगी।

भारतीय सांख्यिकी सेवा के अधिकारी को केन्द्रीय सरकार के अन्तर्गत भारत में कहीं भी या भारत के बाहर कार्य करने के लिए नियुक्त किया जा सकता है अथवा उसको किसी राज्य सरकार या गैर-सरकार संगठन में निश्चित अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति पर भेजा जा सकता है।

7. इस सेवा के अधिकारियों की सेवा की शर्तें तथा छुट्टी तथा पेंशन इत्यादि अन्य केन्द्रीय सिविल सेवाओं ग्रुप "क" के सदस्यों पर लागू होने वाले नियमों द्वारा शासित होंगी।

8. भविष्य निधि की शर्तें वही हैं जो सामान्य भविष्य निधि (केन्द्रीय सेवाएं) नियमावली में उल्लिखित है किन्तु ऐसे संशोधनों की शर्त के साथ ही जो समय-समय पर सरकार द्वारा किए जाएं।

परिशिष्ट—3

उम्मीदवारों की शारीरिक परीक्षा के बारे में विनियम

(ये विनियम उम्मीदवारों की सुविधा के लिए प्रकाशित किए जाते हैं ताकि वे यह अनुमान लगा सकें कि वे अपेक्षित शारीरिक स्तर के हैं या नहीं? ये विनियम स्वास्थ्य परीक्षक (मेडिकल एक्जामिनर्स) के मार्ग निर्देशन के लिए भी हैं।)

भारत सरकार को स्वास्थ्य परीक्षा बोर्ड की रिपोर्ट पर विचार करके उसे स्वीकार या अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार होगा।

1. नियुक्ति के लिए स्वस्थ ठहराए जाने के लिए यह जरूरी है कि उम्मीदवार का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य ठीक हो और उसमें कोई ऐसा शारीरिक दोष न हो जिससे नियुक्ति के बाद दक्षतापूर्वक काम करने में बाधा पाने की संभावना हो।

2. भारतीय (एंग्लोइंडियन सहित) जाति के उम्मीदवार की आयु, कद और छाती के घेरे के परस्पर संबंध के बारे में मेडिकल बोर्ड के ऊपर यह बात छोड़ दी गई है कि वह उम्मीदवार की परीक्षा में मार्गदर्शन के रूप में जो भी परस्पर संबंध के आंकड़े सबसे अधिक उपयुक्त समझे। व्यवहार में लाएं। यदि वजन, कद और छाती के बारे में विषमता हो तो जांच के लिए उम्मीदवार को अस्पताल में रखना चाहिए और छाती

का एक्स-रे लेना चाहिए। ऐसा करने के बाद ही उम्मीदवार को स्वस्थ अथवा अस्वस्थ घोषित करेगा।

3. उम्मीदवार का कद निम्नलिखित विधि से मापा जाएगा—वह अपने जूते उतार देगा और उस माप दण्ड (स्टैण्डर्ड) से, इस प्रकार सटा कर खड़ा किया जाएगा कि उसके पांव आपस में जुड़े रहे और उसका वजन सिवाए एड़ियों के पावों की उंगलियों या किसी और हिस्से पर न पड़े। यह बिना अकड़े सीधा खड़ा होगा और उसकी ऐड़ियां, पिंडलियां, नितम्ब और कन्धे मापदण्ड के साथ, लगे होंगे। उसकी ठोड़ी नीची रखी जाएगी ताकि सिर का स्तर (वर्टेक्स आफ दी हैड लेबल) हारिजंटल बार (आड़ी छड़) के नीचे आ जाए। कद सेंटीमीटरों और सीधे सेंटीमीटरों में मापा जाएगा।

4. उम्मीदवार की छाती मापने का तरीका इस प्रकार—उसे इस भांति खड़ा किया जाएगा ताकि उसके पांव जुड़े हों और उसकी भुजाएं सिर से ऊपर उठी हों। फीते को छाती के गिर्द इस तरह लगाया जाएगा कि पीछे की ओर इसका ऊपरी किनारा असफलक (शोल्डर ब्लेड) के निम्न कोणों (इन्फीरियर ऐंगल्स) से लगा और फीते को छाती के गिर्द ले जाने पर उसी आड़े समतल (हारिजंटल प्लेन) में रहे। फिर भुजाओं को नीचा किया जाएगा और उन्हें शरीर के साथ लटका रहने दिया जाएगा। किन्तु इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि कन्धे ऊपर या पीछे की ओर न किए जाएं ताकि फीता अपने स्थान से हट न पाये। तब उम्मीदवार को कई बार गहरा सांस लेने के लिए कहा जाएगा और छाती का अधिक से अधिक फैलाव गौर से नोट किया जाएगा और कम से कम और अधिक से अधिक फैलाव सेंटीमीटर में रिकार्ड किया जाएगा 84–89, 86–93 आदि माप का रिकार्ड समय आधे सेंटीमीटरों से कम से कम के भिन्न (फ्रेक्शन) को नोट नहीं करना चाहिए।

नोट :—अंतिम निर्णय करने से पूर्व उम्मीदवार का कद और छाती दो बार नापनी चाहिए।

5. उम्मीदवार का वजन भी किया जाएगा और उसका वजन किलोग्राम में रिकार्ड किया जाएगा। आधे किलोग्राम से कम के फ्रैक्शन को नोट नहीं करना चाहिए।

6. (क) उम्मीदवार की नजर की जांच निम्नलिखित नियमों के अनुसार की जाएगी। प्रत्येक जांच का परिणाम रिकार्ड किया जाएगा।

(ख) चश्मे के बिना नजर (नैकेड आई विजन) की कोई न्यूनतम सीमा (मिनिमम लिमिट) नहीं होगी, किन्तु प्रत्येक मामले में, मेडिकल बोर्ड या अन्य मेडिकल अधिकारी द्वारा इसे रिकार्ड किया जाएगा क्योंकि इससे आंख की हालत के बारे में मूल सूचना (बेसिक इन्फारमेशन) मिल जाएगी।

(ग) चश्मे के साथ चश्मे के बिना दूर और नजदीक की नजर का मानक निम्नलिखित होगा :—

दूर की नजर		नजदीक की नजर	
अच्छी आंख (ठीक की हुई दृष्टि)	खराब आंख	अच्छी आंख (ठीक की हुई दृष्टि)	खराब आंख
6/9	6/9 या		
6/9	6/12	जे-I	जे-II

(च) माय्योपिया फण्डस के प्रत्येक मामले में परीक्षा की जानी चाहिए और उसके परिणाम रिकार्ड किए जाने चाहिए यदि उम्मीदवार की ऐसी रोगात्मक दशा हो जो कि बढ़ सकती है और उम्मीदवार की कार्य-कुशलता पर प्रभाव डाल सकती है तो उसे अयोग्य घोषित किया जाए।

(ङ) दृष्टि क्षेत्र में सभी सेवाओं के लिए सम्मुखम विधि (कन्फ्रंटेशन मैथड) द्वारा दृष्टि क्षेत्र की जांच की जाएगी। जब ऐसी जांच का नतीजा असंतोषजनक या संदिग्ध हो तब दृष्टि क्षेत्र को पैरामीटर पर निर्धारित किया जाना चाहिए।

(च) रतौंधी (नाइट ब्लाइन्डनेश)—साधारणतया रतौंधी दो प्रकार की होती है (1) विटामिन "ए" की कमी के कारण और (2) रेटीना के शरीर रोग के कारण जिसकी आम वजह रेटिनिटिस पिगमैंटीसा होती है। उपर्युक्त (1) में फंडस की स्थिति सामान्य होती है साधारणतया छोटी आयु वाले व्यक्तियों और कम खुराक पाने वाले व्यक्तियों में दिखाई देती है और अधिक मात्रा में विटामिन "ए" के खाने से ठीक हो जाती है ऊपर बताई गई (2) की स्थिति में फंडस प्रायः होती है और अधिकांश मामलों में केवल फंडस की परीक्षा से ही स्थिति का पता चलता है। इस श्रेणी का रोगी प्रौढ़ होता है और खुराक की कमी से पीड़ित नहीं होता है। सरकार में ऊंची नौकरियों के लिए प्रयत्न करने वाले व्यक्ति इस वर्ग में आते हैं। उपर्युक्त (1) और (2) दोनों के लिए अंधेरा अनुकूलन परीक्षा में स्थिति का पता चल जाएगा। उपर्युक्त (2) के लिए विशेषतया जब फण्डस न हो तो इलैक्ट्रोरेटीनोग्राफी किए जाने की आवश्यकता होती है, इन दोनों जांचों (अंधेरा अनुकूलन और रेटीनोग्राफी) में अधिक समय लगता है। और विशेष प्रबन्ध और सामान की आवश्यकता होती है। इसलिए साधारण चिकित्सा जांच से इसका पता संभव नहीं है। इन तकनीकी बातों को ध्यान में रखते हुए मंत्रालय/विभाग को चाहिए कि वे बताएं कि रतौंधी के लिए इन जांचों का करना अनिवार्य है या नहीं यह इस बात पर निर्भर होगा कि जिन व्यक्तियों का सरकारी नौकरी दी जाने वाली है उनके कार्य की अपेक्षाएं क्या हैं और उनकी ड्यूटी किस तरह की होगी।

(छ) दृष्टि की तीक्षणता से भिन्न आंख की अवस्थाएं (आक्यूलर कंडीशन) :—

(1) आंख की उस बीमारी की या बढ़ती हुई अपवर्तन त्रुटि (प्रोग्रेसिव रिऐक्टिव एरर) का जिसके परिणामस्वरूप दृष्टि की तीक्षणता के कम होने की संभावना हो अयोग्यता का कारण समझा जाना चाहिए।

(2) भेंगापन (स्कविंट) : तकनीकी सेवाओं में जहां द्विनेत्री (वाइनोकुलर) दृष्टि अनिवार्य हो दृष्टि की तीक्षणता निर्धारित स्तर की होने पर भी भेंगापन को अयोग्यता का कारण समझना चाहिए। दृष्टि की तीक्षणता निर्धारित स्तर की होने पर भेंगापन को अन्य सेवाओं के लिए अयोग्यता का कारण नहीं समझना चाहिए।

(3) एक आंख : यदि किसी व्यक्ति की एक आंख अथवा यदि उसकी एक आंख की दृष्टि सामान्य हो और दूसरी आंख की मन्द दृष्टि हो अथवा अप सामान्य दृष्टि हो तो उसका प्रभाव प्रायः यह होता है कि व्यक्ति में गहरा बोध हेतु त्रिविम दृष्टि का अभाव होता है। इस प्रकार की दृष्टि कई सिविल पदों के लिए आवश्यक नहीं है। इस प्रकार के व्यक्तियों को चिकित्सा बोर्ड योग्य मानकर अनुशंसित कर सकता है। बशर्ते कि सामान्य आंख :

